दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। सोमवार 02 दिसंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 339 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

## विधानसभा चुनाव : 8 दिसंबर से दिल्ली में शुरू होगी भाजपा की परिवर्तन यात्रा

### पीएम के शामिल होने की प्रबल संभावनाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आप सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने के लिए शुरू किए जाने वाले परिवर्तन यात्रा आठ दिसंबर से शुरू होगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा या गृहमंत्री अमित शाह इस परिवर्तन यात्रा की शुरूआत के मौके पर उपस्थित रह सकते हैं।

शनिवार को परिवर्तन यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा की प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक भी हुई। इसमें विधानसभा अनुसार परिवर्तन यात्रा के रूट और स्थानों के साथ यात्रा के लिए जिम्मेदार लोगों की ड्यूटी लगाने पर चर्चा हुई। यह परिवर्तन यात्रा आप सरकार के खिलाफ चुनाव का बड़ा अभियान होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी चुनाव से पहले इस परिवर्तन यात्रा में शामिल हो सकते हैं।



#### आप विधायक चला रहे एक्सटॉर्शन रैकेट: सचदेवा

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आप विधायक जबरन वसूली रैकेट चला रहे हैं। इस ऑडियो के बाद इनकी दोस्ती साफ हो गई है, विधायक टिप दे रहे हैं, नाम बता रहे हैं, नरेश बालियान अपने घर से रैकेट चला रहे थे, अब हिस्सेदारी कहां जा रही है यह जांच का विषय है. मैं संजय सिंह के बयान से हैरान हूं, वह कह रहे हैं कि नरेश बालियान को धमकियां मिलती थीं, यह धमकी नहीं बल्कि दोस्ती थी। कानून अपना काम कर रहा है, और भी चेहरे सामने आएंगे।

ग्रेटर कैलाश में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर पानी फेंकने की घटना को भाजपा ने आप सरकार की नाकामी बताया है। भाजपा ने कहा कि चुनाव से पहले आप के पास क्या कार्य किए यह बताने के लिए कुछ नहीं हैं इसलिए दिल्ली वालों का झूठी सहानुभूति बंटोरने का नया पैंतरा अपनाने का नमूना दिल्ली वालों ने देखा। लेकिन दिल्ली वाले अब इस पुराने तरीके पर विश्वास नहीं करेंगे।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जिसने केजरीवाल पर पानी फेंका वह कोई नहीं बल्कि दस हजार बस मार्शलों में से एक था। जिसकी नौकरी अरविंद केजरीवाल के सीएम रहते एक हस्ताक्षर से चली गई थी। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल अब दिल्ली वालों से झूठी सहानुभूति बटोरने का जो अपना पुराना तरीका है उसे बंद करें क्योंकि दिल्ली की जनता इस नौटंकी को पिछले 10 सालों से देखती आ रही है।

उन्होंने केजरीवाल से मांग की दस हजार बस मार्शलों से आप को माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उनकी वजह से बस मार्शल बेरोजगार हुए है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली भाजपा हर तरह के हिंसात्मक विरोध की निंदा करती है। लेकिन पिछले 10 सालों में दिल्ली ने ऐसा कोई चुनाव नहीं देखा जहां अरविंद केजरीवाल के साथ ऐसी अटपटी घटनाएं ना हो। इससे साफ स्पष्ट है कि यह सिर्फ संयोग नहीं बल्कि प्रयोग है जो कभी आप खुद करवाती है तो कभी उनके भ्रष्टाचारों का परिणाम होता है।

## आज अधिवक्ता देंगे कवि नगर थाने में गिरफ्तारी

### सांसद, विधायकों और एमएलसी को भी रखना होगा अपना पक्ष

#### वकीलों की हड़ताल को एक महीने से अधिक का समय हुआ पूरा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अधिवक्ताओं की हड़ताल गाजियाबाद कचहरी में बीते एक महीने से अधिक से चल रही है। लगातार प्रदर्शन, आंदोलन और रणनीति बन रही है लेकिन अबतक ना तो जिला जज का गाजियाबाद से तबादला हुआ है और ना ही लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर कोई कार्रवाई हुई है। बीते दिनों कवि नगर थाने पर केंद्रीय नाजिर की शिकायत पर 43 नामजद अधिवक्ताओं सहित 70 से 80 अज्ञात पर गंभीर धारों में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मुकदमे के लिखे जाने के बाद अधिवक्ता एक बार फिर आक्रोषित हो गए हैं। उन्होंने दो दिन पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह सोमवार दो दिसंबर को कवि नगर थाने में दोपहर के वक्त अपनी गिरफ्तारी देंगे। इससे पहले अधिवक्ता मानव श्रृंखला बनाकर अपनी मांग मंगवाने के लिए प्रदर्शन भी करेंगे।

इसके साथ ही बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने सांसद, विधायकों और एमएलसी को पत्र लिखा है कि वह बार के सदस्य हैं और वकीलों के आंदोलन में अभी तक उनका कोई पक्ष नहीं आ रहा है। इसको लेकर आज अंतिम दिन है इसके बाद बार नेताओं के खिलाफ भी प्रदर्शन करेगी।





#### वकील आज भी एक से दो के बीच में बनाएंगे मानव श्रृंखला



करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा है कि सोमवार को भी बार एसोसिएशन के बैनर तले लगभग 250 से अधिक चैंबरों के अधिवक्ता और उनके समर्थन में बड़ी संख्या में वकील सड़क पर 01 से 2 बजे तक मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदर्शन हापुड़ चुंगी मार्ग तक किया जाएगा। इसके बाद यहां से अधिवक्ता एकत्रित होकर कवि नगर थाने में सामूहिक गिरफ्तारी देने के लिए भी जाएंगे।

#### पर्याप्त संख्या में तैनात रहेगा पुलिस बल



करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि अधिवक्ता गिरफ्तारी की चेतावनी दे रहे हैं, तो उनका मानव श्रृंखला बनाने वाला प्रदर्शन भी है। इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन के अंतर्गत पुलिस अलर्ट मोड पर रहेगी। तो वहीं कवि नगर थानाक्षेत्र में जहां अधिवक्ताओं का आंदोलन और प्रदर्शन चलेगा, साथ ही मानव श्रृंखला बनाएंगे वहां पर भी पुलिस के साथ ही पीएसी और रिजर्व फोर्स तैनात किया जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। इस दौरान एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि पूरे आंदोलन के दौरान पुलिस मौजूद रहेगी।

#### गाजियाबाद में फिर हो रही है बड़ी बैठक की तैयारी



करंट क्राइम : बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ता लंबे समय से हड़ताल पर हैं। आंदोलन को कई जनपदों और प्रदेश के समर्थन से चलाया जा रहा है लेकिन अब तक निर्णायक फैसला ना होने की वजह से वकील जल्द ही गाजियाबाद में एक बड़ी बैठक या सम्मेलन आयोजित कर सकते हैं। जिसके तहत आगे की रणनीति को बल मिल सके और पूरी प्लानिंग की जा सके।

## व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव को ज्ञापन सौंपा

### कहा, कल कारखानों के मुख्य द्वार पर 24 घंटे निगरानी से उद्यमियों का हो रहा उत्पीड़न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को प्रदीप जायसवाल प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी व्यापार सभा के नेतृत्व में व्यापारी प्रतिनिधिमण्डल ने ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के राज्यकर विभाग द्वारा कल कारखानों के मुख्य द्वार पर 24 घंटे निगरानी से उद्यमियों के हो रहे उत्पीड़न को इंस्पेक्टर राज की पुनः स्थापना बताया है।




ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में राज्य कर विभाग द्वारा पान मसाला और लोहा-स्टील फैक्ट्रियों से निकलने वाली प्रत्येक गाड़ी के ई वे बिल की शत प्रतिशत स्कैनिंग करने और कोई चूक मिलने पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इससे छोटे-बड़े उद्यमियों से लेकर व्यापारिक इकाइयों में काम करने वाले कर्मचारियों-मजदूरों में आजीविका को लेकर असुरक्षा का भाव व्याप्त हो गये है। 24 घंटे जांच के कारण उत्पादन कार्य ठप्प हो गया है। व्यापारियों से अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है।

व्यापारी नेताओं की शिकायत है कि असफल नोटबंदी, अनियोजित लॉकडाउन, जटिल जीएसटी एवं ऑनलाइन व्यापार से पहले से ही बर्बाद व्यापारी के दुकान, प्रतिष्ठान, गोदाम और बैंक खाते मानवीय चूक होने पर भी सीज किये जा रहे हैं। व्यापारियों को इस मौके पर समाजवादी पार्टी की पूर्व सरकारों में नेताजी तथा अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्वकाल में व्यापारी हित में लिए गए निर्णय याद आ रहे हैं।

ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा सरकार के नए निदेशों-आदेशों से परेशान उद्यमी अब अपने संस्थानों को दूसरे राज्यों में ले जाने वाले हैं जिससे प्रदेश के राजस्व में भारी क्षति होगी और राज्य का विकास भी प्रभावित होगा। व्यापारी उत्पीड़न की कार्यवाही से अवैध इकाइयों और अन्य राज्यों से प्रदेश के जिलों में नकली व अनब्रांडेड पान मसाला व लोहा-स्टील आ रही है। इससे भी राज्य को करोड़ों रुपए प्रतिदिन की राजस्व क्षति हो रही है।

समाजवादी व्यापार सभा ने अखिलेश यादव से प्रदेश के व्यापारियों, उद्यमियों के हितों की रक्षा के साथ राजस्व क्षति रोकने एवं समस्याओं के निराकरण का अनुरोध किया है।

समाजवादी व्यापार सभा के प्रतिनिधिमण्डल में बोट सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार सभा, डॉ0 अजय चौरसिया प्रदेश सचिव, राम बाबू रस्तोगी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रसपा व्यापार सभा, अमर नाथ जायसवाल मोनू जिलाध्यक्ष चंदौली समाजवादी व्यापार सभा, श्यामकृष्ण गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सहित गुलशेर अहमद व्यापारी नेता आदि शामिल रहे।

## क्या शासन में अटक गया गाजियाबाद के राम सेतु मार्ग का प्रस्ताव



#### फरवरी माह की नगर निगम बैठक में उठा था मामला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** यूपी गेट से लेकर राज नगर एक्सटेंशन को जोड़ने वाली करीब 10.03 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड का नाम श्रीराम सेतु के नाम पर रखे जाने का प्रस्ताव 15 फरवरी को नगर निगम की बोर्ड बैठक में सर्व सहमति से पास हुआ था। साथ ही करहैड़ा गोल चक्कर के पास भगवान श्रीराम की बड़ी प्रतिमा लगाई जाने की भी घोषणा की गई थी। खुद महापौर सुनीता दयाल ने एलिवेटेड रोड के नामकरण का प्रस्ताव कार्यकारिणी के समक्ष रखा था।

जिसपर सभी सदस्यों ने सहमति जताई थी। वहीं नगर निगम में वार्ड-100 के पार्षद संजय सिंह ने भी इस मामले को प्रमुखता से सदन में उठाया था। बता दें कि इसी वर्ष अयोध्या में भगवान राम मंदिर में रामलाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देशभर में खुशी का माहौल था, जिसके चलते शहर के प्रमुख मार्ग का नाम भगवान राम के नाम पर रखने का विचार किया गया था। उधर इस प्रस्ताव को रखे लगभग 10 महीने का समय बीत गया है लेकिन अभी तक इस पर शासन की ओर से कोई संज्ञा नहीं लिया गया है। वही नगर निगम की ओर से भी इस ओर कोई कार्रवाई नहीं करवाई गई है।

#### नगर निगम में पास, तो शासन में अटका है मामला

करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारी बताते हैं नगर निगम की बोर्ड बैठक में एलिवेटेड रोड का नाम भगवान श्रीराम सेतु मार्ग रखने का प्रस्ताव पास हो गया था। जिसकी मीटिंग वाली फाइल व मिनिट्स शासन को भी भेजा गया था लेकिन अभी इस पर कोई सहमति नहीं बन पाई है। इसी वजह से नगर निगम में पास हुए प्रस्ताव पर अब तक कोई कार्य और प्रगति नहीं हो रही है।

#### भगवान राम की प्रतिमा से लेकर बोर्ड लगाने का था प्लान

करंट क्राइम : नगर निगम के सदन में जब महापौर सुनीता दयाल ने एलिवेटेड रोड का नाम भगवान श्रीराम सेतु मार्ग रखने का प्रस्ताव



रखा था, तो इसपर सभी ने सहमति जताई थी। इसके साथ ही सदन में भगवान जयश्री राम के नारे भी लगे थे। वहीं कहा गया था कि इस मार्ग पर श्रीराम सेतु नाम के साइन बोर्ड लगवाए जाएंगे। मार्ग का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जगह-जगह भगवान श्रीराम के जीवन से संबंधित पेंटिंग की जाएगी। इसी मार्ग पर करहैड़ा गोल चक्कर के नजदीक भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी लेकिन अभी तक शासन स्तर से किसी प्रकार की मंजूरी और फंड न मिलने की वजह से यह मामला अटका हुआ बताया जा रहा है।

## इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की कैसे बढ़ेगी स्पीड

### - शहरभर के 41 चौराहों की ट्रैफिक लाइट हो जाएगी ऑटोमेटिक और कैमरों से होगी निगरानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बनने के बाद इसे मेट्रोपॉलिटिन सिटी का दर्जा मिल गया है। यहां की कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार के साथ ही ट्रैफिक मैनेजमेंट को भी बेहतर बनाया जा रहा है। इसको लेकर सितंबर माह में नगर निगम ने इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लेकर पहल की गई थी। नगर निगम मुख्यालय में टेक्निकल बिड का काम शुरू किया गया था, इसमें तीन कंपनियों की हिस्सेदारी थी। जिसमें एक कंपनी नोएडा, दूसरी मध्य प्रदेश और तीसरी दिल्ली की कंपनी थी। इसके तहत शहर के तीन प्रमुख चौराहों पर नजर आने वाले ट्रैफिक मैनेजमेंट का लाइव डेमो और यहां की रेड लाइट्स को ऑटोमेटिक करने का भी इंतजाम किया गया था। इस प्रोजेक्ट के डेमो के तहत हापुड़ चुंगी, बुद्ध चौक वसुंधरा और सेठ मुकंद लाल चौराहे की ट्रैफिक लाइटों से लेकर यहां कैमरों का सेटअप लगाया गया था। 15 दिनों तक इसका डेमो चला लेकिन अब तक इसपर आगे, क्या काम हो रहा है अपडेट नहीं हो पा रहा है। कहा जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट में थोड़ी देरी हो सकती है।

### क्या डेमो टेस्ट के बाद नहीं बढ़ा आगे काम



#### शहर की ट्रैफिक व्यवस्था के लिए बड़ा प्रोजेक्ट है इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने की तैयारी को लेकर कार्रवाई शुरू की गई थी। उसके तहत तीन प्रमुख चौराहों पर यह शुरू भी हुआ लेकिन अब यह थोड़ा स्लो चल रहा है। इसको शुरू करने के लिए करोड़ों रुपए का प्रोजेक्ट है, जिसका वहन नगर निगम करेगा ताकि शहर की ट्रैफिक मैनेजमेंट को दुरुस्त किया जा सके। शहर में जाम ना लगे और यह ग्रीन और क्लीन प्रोजेक्ट को भी बल प्रदान करने का काम करेगा लेकिन अभी यह अंतिम रूप पर नहीं पहुंच पा रहा है। उधर यातायात पुलिस के अधिकारी कहते हैं कि यह व्यवस्था लागू होगी, तो इससे वाहनों के आने-जाने में सहूलियत होने के साथ ही पुलिसकर्मियों पर लाइट मैनेजमेंट का अतिरिक्त लोड कम होगा।

#### शहर के 41 चौराहों की बदलेगी तस्वीर

करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम और अन्य एजेंसियों को इसमें सहयोग करना है ताकि इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को प्रमुखता के साथ लागू किया जा सके। इसके लागू होने से जहां वाहनों के संचालन में आसानी आएगी, तो वहीं गाड़ियों और वाहनों पर तीसरी आंख की नजर रहेगी। इसके साथ ही वाहन चालकों को इसका पता भी नहीं लगेगा, ऐसे में जो ट्रैफिक चालक नियमों की अनदेखी करेगा



वह पकड़ा जाएगा। जुमार्ना चुकाना पड़ेगा, साथ ही कौन सा वाहन किस मार्ग से निकला है। उसे कैसे चलाया जा रहा है, इसकी भी अपडेट कंट्रोल रूम में मिलेगी। बता दें कि नगर निगम में इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया गया था। जिसमें सीसीटीवी के जरिए कई चौराहों से सीधा जोड़ा जा चुका है। उधर नगर निगम और यातायात पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि इसमें शहर के प्रमुख 41 सभी बड़े और भीड़भाड़ वाले चौराहों को शामिल किया जाएगा ताकि यातायात की व्यवस्था सुधरे और जाम कम से कम लगे।

# केजरीवाल ने किया बड़ा ऐलान

# दिल्ली में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी आप, त्रिकोणीय हुई लड़ाई



**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा एलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह दिल्ली में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा एलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह दिल्ली में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। हरियाणा चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी के कई नेताओं ने कहा था कि दिल्ली में कांग्रेस के साथ आप का गठबंधन नहीं होगा। आप के साथ लोकसभा चुनाव में गठबंधकर करके देख चुके हैं। लोकसभा में कांग्रेस के साथ गठबंधन से कोई फायदा नहीं हुआ था। इसके बाद हरियाणा में सीटों के झगड़े को लेकर गठबंधन नहीं हो सका था। दिल्ली में आम आदमी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी, इसके संकेते तो हरियाणा चुनाव के वक्त ही मिल गए थे, जब सीटों को लेकर कांग्रेस और आप के बीच मामला फंस गया था।

लोकसभा चुनाव के दौरान आप और कांग्रेस ने दिल्ली और हरियाणा में गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा था। दिल्ली में तब भाजपा ने सात सीटें जीती थी। वहीं आप दिल्ली के साथ-साथ हरियाणा में भी अपना खाता नहीं खोल पाई थी। अब विधानसभा चुनाव को लेकर आप ने साफ कर दिया कि वह अकेले चुनाव लड़ेगी। ऐसे में दिल्ली में त्रिकोणीय मुकाबला संभव है।

# सीएम योगी: 'दहेज प्रथा पर कुठाराघात है सामूहिक विवाह योजना', 1209 जोड़े बंधे विवाह के बंधन में

**गोरखपुर।** सीएम योगी ने कहा, आज 1209 जोड़ा विवाह के बंधन में बंधन में बंध रहे हैं। यह युवक युवतियां समाज में फैले दहेज प्रथा को नकार कर इस योजना में शामिल होकर मिशाल पेश कर रहे हैं। ऐसे आयोजन प्रदेश के हर जिलों में आयोजित किया जा रहा है। पिछले सात साल में प्रदेश में सामूहिक विवाह योजना से जुड़ कर 3 लाख 84 हजार नौ जोड़ा दहेज प्रथा को नकार कर जुड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग की तरफ से होने वाला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक तरफ सामाजिक समता का प्रतीक है तो वहीं दूसरी तरफ यह समाज की बड़ी विकृति दहेज प्रथा पर प्रहार भी है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा का कोई बंधन नहीं है। हिंदू, मुस्लिम या अन्य मतावलंबी, सभी अपनी-अपनी



परंपरा के अनुरूप विवाह के पवित्र बंधन में जुड़ रहे हैं। साथ ही यह कार्यक्रम दहेज, बाल विवाह और अश्पृश्यता के खिलाफ सरकार द्वारा शुरू की गई एक लड़ाई और अभियान भी है। सीएम योगी रविवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के परिसर में 1200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कई बार दहेज के कारण योग्य कन्याएं विवाह बंधन से नहीं जुड़ पाती थीं, ऐसे में सामूहिक विवाह कार्यक्रम से जुड़ने वाले सभी युवक-युवतियों ने दहेज न ले-दे कर समाज में आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक सात साल में 3 लाख 84 हजार शादियां करा चुकी है। यह सत्र संपन्न होने पर यह संख्या 4 लाख से अधिक हो चुकी होगी। सीएम योगी ने कहा कि गरीब बेटियों को दहेज के भेड़ियों से बचाने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के कार्यक्रम हर जिले में हो रहे हैं।

### अच्छी सरकार में होते हैं अच्छे कार्य

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो अच्छे कार्य होते हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अच्छे कार्यों की श्रृंखला खड़ी कर दी। महिलाओं के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजना चलाई, नारी गरिमा की रक्षा के लिए गांव-गांव, घर-घर व्यक्तिगत शौचालय बनवाए।

### उत्सव जिसमें खुद मुख्यमंत्री कई जनप्रतिनिधियों संग आए

सीएम योगी ने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को एक ऐसा उत्सव बताया जिसमें मुख्यमंत्री खुद आए और साथ में कई जनप्रतिनिधि भी। उन्होंने कहा कि किसी एक शादी में उनके लिए समय निकाल पाना मुश्किल होता है लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व उत्सवी है जहां मुख्यमंत्री और कई जनप्रतिनिधि आए हैं।

### सीएम ने दस नवयुगलों को भेंट किया उपहार-शगुन किट

समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 1200 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिंदू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके सुखमय और मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को उपहार-शगुन किट भेंट किया।

## न्यूज डायरी

### बस मार्शल्स की नियुक्ति को लेकर सीएम आतिशी ने लिखी एलजी को चिट्ठी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को बस मार्शल्स की नियुक्ति को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने खत में लिखा कि मार्शलों की दोबारा नियुक्ति को लेकर 13 नवंबर 2024 को हमारे सभी मंत्रियों ने एक प्रस्ताव पास करके आपको भेजा था। करीब दो हफ्ते से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी इस प्रस्ताव पर आपकी ओर से कोई फैसला नहीं लिया गया है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि ये देरी क्यों हो रही है। उन्होंने एलजी से अपील करते हुए कहा कि आपसे हाथ जोड़कर विनती करती हूं कि इस प्रस्ताव पर जल्द से जल्द अपनी स्वीकृति दें। ताकि उन 10,000 परिवारों में फिर से रौशनी लौट आए और महिलाओं की सुरक्षा के लिए बसों में मार्शल तैनात हो सकें। सीएम आतिशी ने चिट्ठी में लिखा, "पूरी दिल्ली कभी नहीं भूल सकती वो दिन जब हमारी माताएं बहनें और बेटियां बसों में असुरक्षित महसूस करती थीं। छेड़खानी और गलत नजरों का शिकार होना जैसे उनकी रोजमर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बन गया था। बच्चियों का स्कूल और कॉलेज जाना किसी चुनौती से कम नहीं था और महिलाएं काम पर जाने से पहले सौ बार सोचती थीं कि क्या वे सुरक्षित लौट पाएंगी। ये दर्द हर घर में महसूस किया जाता था। हमारी सरकार ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए बसों में 10,000 से ज्यादा मार्शल तैनात किए। इन मार्शल ने ईमानदारी से अपना काम करते हुए बहुत से उपद्रवियों को पकड़ा था, उसके बाद से ही हर महिला ने पहली बार बसों में खुद को सुरक्षित महसूस किया था। बसों में तैनात हमारे मार्शल हर उस मां बहन बेटी के लिए उम्मीद थे जो रोज अपने घर से निकलती हैं।" उन्होंने आगे पत्र में लिखा, "इन मार्शलों ने न सिर्फ महिलाओं को सुरक्षा दी बल्कि उन्हें आत्मविश्वास भी दिया उनमें ये भरोसा भी जगाया कि अब कोई भी असामाजिक तत्व उनको तंग नहीं करेगा।



### 'कश्मीर की पहचान नष्ट कर रहे सीएम, दिल्ली का विरोध करने की हिम्मत नहीं', लोन ने उमर पर साधा निशाना




**जम्मू।** सज्जाद लोन ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर कश्मीर की पहचान नष्ट करने और उपराज्यपाल के समानांतर शासन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर कश्मीर की पहचान नष्ट करने का आरोप लगाया। लोन ने एक्स पर लिखा कि उमर अब्दुल्ला के पास दिल्ली का विरोध करने की हिम्मत नहीं है। वह उप राज्यपाल मनोज सिन्हा या भाजपा के खिलाफ बोलने की भी हिम्मत नहीं रखते। लोन ने कहा, चुनाव के समय आपके बयानों में आक्रामकता थी। आपका पूरा अभियान भाजपा के खिलाफ था। इससे नेकां को प्रदेश में विशाल जनादेश मिला। चुनाव के बाद अब्दुल्ला की आक्रामकता खत्म हो गई है। उनके बयानों में नरमी आ गई है। अब वह भाजपा नेताओं को शॉल भेंट करते नजर आ रहे हैं। लोन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के बावजूद उपराज्यपाल

# आप को पता था नरेश बाल्यान के गैंगस्टर से संबंध थे : कैलाश गहलोत

नई दिल्ली। 'जबरन वसूली' मामले में आप विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी पर भाजपा नेता कैलाश गहलोत ने कहा है कि इसे साजिश कहना गलत होगा, क्योंकि यह मामला एक साल से सभी के संज्ञान में है कि विधायक और गैंगस्टर के बीच संबंध है। गहलोत ने कहा कि चिंता की बात यह है कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और राष्ट्रीय संयोजक को इसके बारे में जानकारी होने के बावजूद पार्टी ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिस ऑडियो क्लिप की बात हो रही है वह 30 सेकंड ही नहीं, बल्कि, 5 मिनट से ज्यादा का है। इसमें साफ तौर पर वह बात करते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, पदयात्रा के दौरान



ह्यआपह्न संयोजक अरविंद केजरीवाल पर तरल पदार्थ फेंके जाने पर भाजपा नेता कैलाश गहलोत ने कहा है कि जहां तक मैंने देखा है, ऐसा लगता है कि किसी ने पानी फेंका है, और केजरीवाल दावा कर रहे हैं कि वह एक बस मार्शल था। वे अपनी ओर ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इस तरह की घटना को ध्यान से देखने की जरूरत है। बहुत ऐसी चीज है, जो आप और हम लोग समझ नहीं रहे हैं। इसके पीछे की कहानी को समझना जरूरी है। मैं यह नहीं कह सकता है कि यह सुनियोजित है। अगर इस तरह की घटना होती है तो इसकी सख्ती से जांच होनी चाहिए। आप विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दिल्ली पुलिस ने कल हमारे विधायक को गिरफ्तार कर लिया। नरेश खुद कपिल सांगवान उर्फ नंदू नाम के गैंगस्टर की धमकियों से पीड़ित हैं। नरेश बाल्यान ने इसकी कई शिकायत दिल्ली पुलिस को दी थी।

# आप विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी पर मनोज तिवारी बोले, 'जो अपराध करेगा, उसे सजा मिलेगी'

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने जबरन वसूली केस में आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान को गिरफ्तार किया है। बाल्यान की गिरफ्तारी पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी की प्रतिक्रिया सामने आई है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को आईएएनएस से खास बातचीत में नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी पर कहा, मेरा मानना है कि जो अपराध करेगा, उसको सजा मिलनी चाहिए और अमित शाह के गृहमंत्री रहते अपराध करने वालों को ऐसी सजा मिलेगी कि उनकी पुश्तें याद रखेंगी। मनोज तिवारी ने कहा, मुझे आश्चर्य इस बात का है कि अरविंद केजरीवाल अपराध के लिए बयान देते हैं। वह



10 साल के बाद अचानक जागते हैं और उनका खुद का विधायक अपराधी है, वह स्वयं भी अपराधी हैं। जिसका नेता और विधायक अपराधी हो, उस राज्य में अपराधियों का मनोबल कितना बढ़ेगा, आप खुद ही इसकी कल्पना कर सकते हैं। उन्होंने अरविंद केजरीवाल को साजिशों का किंग बताते हुए कहा, यह सब अरविंद केजरीवाल की साजिशें हैं, वो साजिशों के किंग है। उनका साजिश के मामले में कोई हाथ नहीं पकड़ सकता है। इसलिए वह जो पानी फिकवा रहे हैं, उन्होंने किसी आदमी के साथ सेटिंग की होगी। गंभीर बात यह है कि इस समय जिस प्रकार से वह लोगों की सहानुभूति बटोरने की कोशिश कर रहे हैं, उसके लिए वह खुद पर गोली भी चलवा सकते हैं। बता दें कि नरेश बाल्यान उत्तम नगर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं। 2023 के कथित जबरन वसूली मामले में उनसे पूछताछ की जा रही थी। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शनिवार को लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# कैथल में धूमधाम से मनाई गई महाराजा शूर सैनी जयंती

## सीएम नायब ने की शिरकत, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**कैथल।** कैथल के डीसी ने कार्यक्रम से पहले अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। दूसरे जिलों से आने वाले लोगों के लिए पार्किंग और आयोजन स्थल तक पहुंचने के लिए संकेतक लगाए गए थे। हरियाणा के कैथल में महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। चंदाना गेट स्थित गैबी साहब मैदान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। आयोजन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जबकि पंडाल को भव्य ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम में प्रदेश भर से हजारों लोगों ने हिस्सा लिया।




### प्रशासनिक तैयारियां

कैथल के डीसी ने कार्यक्रम से पहले अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। दूसरे जिलों से आने वाले लोगों के लिए पार्किंग और आयोजन स्थल तक पहुंचने के लिए संकेतक लगाए गए थे।

### सांसद ने मैं नवीन सैनी कह शुरू किया भाषण

मंच पर संबोधन के लिए पहुंचे कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने अपने भाषण की शुरूआत मैं नवीन सैनी कहकर की। भाषण में जिंदल ने कहा सैनी समाज ने उन्हें गोद ले रखा है, इसके लिए वे जीवन भर आभारी रहेंगे।

# महाकुंभ के लिए निर्धारित लक्ष्य को समय से पूरा करने में जुटी पीडब्ल्यूडी टीम

**प्रयागराज।** 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज आगमन से पूर्व महाकुंभ 2025 की तैयारियों को पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी ने भी अपनी रफ्तार बढ़ा दी है और पांटून पुलों के साथ-साथ सड़कों के रेनोवेशन के काम में भी तेजी देखने को मिल रही है। अब तक लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से 27 रोड्स का रिन्यूअल किया जा चुका है। जबकि, बाकी रोड्स के रिन्यूअल का काम 10 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी तरह 17 रोड्स के सौंदर्यीकरण का कार्य भी 5 दिसंबर तक पूरा होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पीडब्ल्यूडी के पास कुल 89 परियोजनाएं हैं, जिसमें से करीब 60 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि शेष 10 दिसंबर तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर एके. द्विवेदी ने बताया कि पीडब्ल्यूडी को कुल 92 रोड्स का रिन्यूअल करने का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें विभाग की ओर से अब तक 27 रोड्स का रिन्यूअल किया जा चुका है। शेष रोड्स का रिन्यूअल भी पीएम मोदी के आगमन से पूर्व 10 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। सभी कार्य निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप चल रहे हैं और सभी तरह के



रॉ-मैटेरियल की सप्लाई साइट्स पर पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में 488 किमी. चेकर्ड प्लेट्स बिछाने के लिए सप्लाई पूरी हो चुकी है। रेत की वजह से थोड़ी समस्या आ रही है, लेकिन इसे भी समय पर पूरा कर लिया जाएगा। कोई भी काम निर्धारित लक्ष्य से पीछे नहीं चल रहा है, बल्कि पूरी तैयारी है कि लक्ष्य से पहले ही कार्य को फाइनल कर लिया जाए। उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूडी को 17 रोड्स के ब्यूटीफिकेशन की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसको पूर्ण करने का लक्ष्य 10 दिसंबर दिया गया था। हालांकि, पीडब्ल्यूडी समय से पूर्व ही यानी 5 दिसंबर तक कार्य पूरा कर लेगा।

# हिंसाग्रस्त इलाके में पहुंचा न्यायिक आयोग

## कहा- दो माह चलेगी जांच.. तह तक पहुचेंगे



### अब तक यह कार्रवाई

कुल 300 बवालियों की पहचान हो चुकी है।
250 के पोस्टर जारी हो चुके हैं, जबकि 50 अन्य के पोस्टर तैयार किए जा रहे हैं।
पुलिस ने 30 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन महिलाएं शामिल हैं।
पुलिस बल और सीसीटीवी के माध्यम से लगातार निगरानी जारी है।

**मुरादाबाद।** संभल हिंसा की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक जांच समिति के सदस्य संभल पहुंचे हैं। टीम उस जगह का दौरा कर रही है, जहां हिंसा हुई थी। टीम के साथ डीएम, एसपी भी हैं। संभल जिले में जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई हिंसा की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग की टीम ने रविवार को हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। टीम ने जिलाधिकारी, एसपी और अन्य अधिकारियों के साथ जामा मस्जिद सहित उन सभी स्थानों का गहन निरीक्षण किया, जहां हिंसा और पथराव हुआ था। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई थी और 19 पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

उधर, पूर्व डीजीपी और तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग के सदस्य एके जैन ने रविवार को पुष्टि की कि 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा की जांच अगले दो महीने तक जारी रहेगी। आयोग के सदस्य जैन ने कहा कि यह जांच पूरी तरह से घटनाओं की तह तक पहुंचेगी। आयोग की टीम सबसे पहले जामा मस्जिद इलाके में पहुंची। टीम ने मस्जिद के बाहर और अंदर की स्थिति का लगभग तीन मिनट तक जायजा लिया। एसपी कृष्ण विश्नोई ने टीम को बताया कि कोर्टगर्वी से शुरू हुआ विवाद धीरे-धीरे बवाल में बदल गया। मस्जिद के पास मौजूद भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे हालात बेकाबू हो गए।

एसपी ने बताया कि हिंसा के दौरान वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया और पुलिस टीम पर हमला किया गया। टीम ने मस्जिद के अंदर जाकर स्थिति को बारीकी से देखा। निरीक्षण के दौरान टीम ने हिंसा के मुख्य स्थानों की पहचान की और अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में आयोग ने स्थानीय दुकानदारों और निवासियों से बातचीत की।

दुकानदारों ने बताया कि पथराव के दौरान उन्होंने अपनी दुकानें बंद कर दी थीं और वहां से चले गए थे। टीम ने हिंसा के दिन की घटनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जामा मस्जिद के निरीक्षण के बाद आयोग की टीम नखासा चौराहा पहुंची। यहां हिंसा और पथराव की वारदात हुई थी।

टीम ने वहां की स्थिति का भी बारीकी से अध्ययन किया और अधिकारियों से बातचीत की। आयोग की टीम ने डीएम, एसपी और अन्य अधिकारियों से पूरी घटना की विस्तृत जानकारी ली। एसपी ने आयोग को बताया कि हिंसा वाले दिन किन घरों से पथराव हुआ और कैसे प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। न्यायिक आयोग को दो महीने के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट सौंपनी है। इससे पहले शनिवार को आयोग के सदस्य मुरादाबाद सर्किट हाउस पहुंचे, जहां मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुनिराज जी और एसएसपी सतपाल अंतिल ने उनसे मुलाकात कर घटना की जानकारी दी। रविवार को टीम ने शाही जामा मस्जिद और आसपास के हिंसाग्रस्त इलाकों का निरीक्षण किया। इस घटना ने राजनीतिक हलकों में भी हलचल मचा दी है। कांग्रेस, सपा और अन्य विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। संसद में भी इस घटना को लेकर हंगामा हुआ।

# राकेश टिकैत : सरकार को विदेशी मुसलमान अच्छा लंगता है, भारत का नहीं... दंगे से पीछे जाएगा देश

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार कोई मांग नहीं मान रही है। फसलों के दाम नहीं बढ़ रहे हैं। एमएसपी गारंटी कानून बनना चाहिए। इससे देश के किसानों को लाभ होगा। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार को विदेशी मुस्लिम अच्छा लगता है। अपने देश का मुस्लिम अच्छा नहीं लगता। जिस तरह की भाषा बोली जा रही है। देश के 24 करोड़ लोग देश छोड़ कर जा सकते हैं। ऐसी बातों से दंगे फसाद बढ़ेंगे और देश पीछे की ओर जाएगा। अगर हिंदू राष्ट्र बनाना है तो विदेश में रह रहे हिंदुओं को देश में बुलाना पड़ेगा।

मुजफ्फरनगर के खतौली में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए राकेश टिकैत ने पत्रकारों से बातचीत की। संभल की घटना के बारे में कहा कि देश के राजा की क्या नीति है। पूरा देश उसी पर चलता है। हम गरीब किसान, मजदूर आदिवासियों की लड़ाई लड़ रहे हैं। सरकार किसानों की जमीन और रोजगार को छीनना चाहती है। देश को गरीब बनाकर मजदूर तैयार किए जा रहे हैं। विदेशों में जो उद्योग घराने हैं, इस प्रकार के उद्योग यहां पर होने चाहिए। अगर सरकार की नीति यही रही तो देश अधिक गरीब होगा। सरकार कोई मांग नहीं मान रही है। फसलों के दाम नहीं बढ़ रहे हैं। भाकियू अपनी बात कहती रहेगी। एमएसपी गारंटी कानून बनना चाहिए।



### राकेश टिकैत पर गलत बयान से संगठन में आक्रोश

राकेश टिकैत पर गलत बयानबाजी देने से संगठन में आक्रोश है। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के मंडल महासचिव अरुण राणा के नेतृत्व में किसान एसएसपी कार्यालय पहुंचे। मंडल महासचिव अरुण राणा व महानगर अध्यक्ष मुकेश तोमर ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कुछ लोगों ने बाहर से आकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के नाम से संगठन खड़ा कर लिया है। 28 नवंबर को किसान संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बताते हुए राकेश टिकैत पर आरोप लगाए। सोशल मीडिया पर लाइव आकर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के बारे में बयानबाजी की। उनके चरित्र को धूमिल करने की कोशिश की है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अरुण राणा ने कहा कि यदि ये लोग लड़ाई लड़ना चाहते हैं तो सामने आकर लड़ें। उन्होंने एसएसपी से गलत बयान देने वाले पर कार्रवाई की मांग की है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# फूल वालों की सरकार में क्या नामित वाली कृपा खत्म करती है बेस

## ना मिला किसी को टिकट और बाकी दावेदारियों में भी हो गए आउट ऑफ रेस

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक बार फिर से अब ये चर्चा चल रही है कि सरकारी कृपा वाली लिस्ट जारी होने वाली है। सब अपने-अपने नामों को लेकर क्रेजी हैं। कृपा वाली लिस्ट में स्थान पाने के लिये देवतुल्य कार्यकर्ता कई दरवाजों पर माथा टेक रहे हैं। सबका प्रयास है कि उन्हें भी सरकार कृपा से नवाजे, लेकिन एक चर्चा भगवा गढ़ में उन नामित पार्षदों को लेकर है जिन्हें आधा कार्यकाल गुजरने के बाद नामित पार्षद बनाया गया और फिर उनके हिस्से में घरों के आगे नाम और पद नाम का बोर्ड आया। इन नामित पार्षदों में अपने-अपने क्षेत्र में भागदौड़ कर अपने प्रयासों से काम भी कराया। इन चेहरों से उम्मीद थी कि टिकट दावेदारी के समय उनका नाम कंसीडर किया जाएगा। वो अपने अपने क्षेत्र में विकास करा रहे थे, लेकिन जब टिकट वाली बेला आई तो इन्हीं नामी पार्षदों के साथ खेला हो गया। एक भी नामित पार्षद को फिर से चुनाव लड़ने



का मौका ही नहीं मिला। वो कहते ही रह गए कि एक मौका तो दीजिए हुजूर, हम आपको चुनाव जीतकर दिखाएंगे जरूर, लेकिन आधे कार्यकाल की कृपा ने आगे के सियासी करियर पर ब्रेक लगा दिये।

अब ये चर्चा फिर से चली है कि नामित पार्षद वाली कृपा किसी का कल्याण नहीं करती है, जो लोग नामित पार्षद वाली रेस में हैं उन्हें ही भाजपा की वरिष्ठ लॉबी समझा चुकी है कि अपनी ऊर्जा अन्य किसी कृपा पर लगाओ। क्या वास्तव में नामित पार्षद वाली कृपा फूल वालों से सियासी ट्रैक को प्रभावित कर रही है। अब चूंकि फिर से नामित पार्षदों की सूची जारी होनी है।

निगम गठन हुए भी काफी समय गुजर गया है और सूत्र ये बताते हैं कि जब तक ये नामित वाली लिस्ट जारी होगी, तब तक और कार्यकाल बीत जाएगा। ऐसे में लगभग आधा कार्यकाल मिलेगा और सवाल वही है कि क्या इसके बाद फिर कुछ मिलेगा।

### ये चेहरे कर रहे थे पूरी उम्मीद के साथ उम्मीदवार बनने की तैयारी

करंट क्राइम। नामित चेहरों की बात करें तो यहां कुछ चेहरे इसे सेवा का प्रतिफल मानकर संतुष्ट थे। उन्होंने ना तो कोई ज्यादा भागदौड़ की और ना ही उन्होंने चुनाव की तैयारी की। इनमें दो चेहरे तो ऐसे थे जिन्होंने पहले ही ऐलान कर दिया था कि ना तो वो वार्ड का टिकट मांगेंगे और ना ही उनकी फिर से नामित पार्षद बनने की इच्छा है। इनमें नामित पार्षद राजेश शर्मा और नामित पार्षद सुरेंद्र नागर थे, लेकिन जिन चेहरों ने पूरी तैयारी की उनमें नामित पार्षद अर्चना सिंह का पहला नाम है। उन्होंने तो नामित पार्षद बनने के बाद बाकायदा नगर निगम की सीढ़ियों







पर माथा टेककर नगर निगम मुख्यालय में प्रवेश किया था। पार्क की घास से लेकर नाले की सफाई तक उनके फोटो रोज आते थे। वार्ड के मुद्दों को लेकर वो एक्टिव रहती थीं। उनका अनुभाव, उनकी सक्रियता और पार्टी के प्रति उनका समर्पण ये तीनों ही चीजें उनकी दावेदारी को मजबूत बनाती थी, लेकिन उनकी दावेदारी उम्मीदवारी में नहीं बदल सकी। संजयनगर के भी एक नामित पार्षद टिकट मांग रहे थे और जब कमल का फूल चुनाव चिन्ह नहीं मिला तो वो गुलाब के चुनाव चिन्ह पर लड़े और हार गए। कपिल वशिष्ठ भी मूल भाजपाई हैं वो भी क्षेत्र में एक्टिव थे लेकिन टिकट उन्हें भी नहीं मिला। पूर्व मंडल अध्यक्ष और नामित पार्षद राकेश त्यागी दावेदारी कर रहे थे, चुनाव लड़ना चाहते थे मगर उन्हें भी टिकट नहीं मिला। देवेंद्र अग्रवाल और सुनीता नागपाल साइलेंट मोड पर रहे। प्रदीप चौहान नामित पार्षद थे और उनकी पत्नी उर्मिला चौहान को टिकट मिला वो चुनाव जीती थीं। हालांकि उनका निधन हो गया और अब उनके वार्ड में उपचुनाव हो रहा है।

### जीडीए बोर्ड सदस्यों का हाल भी रहा कुछ ऐसा ही





अगर सरकारी कृपा की बात करें और कृपा भी ना हो तो इसे क्या कहा जाए। डा. केशव त्यागी, चंद्रमोहन शर्मा और पवन गोयल जीडीए सदस्य बने। इनमें से चंद्रमोहन शर्मा का कोरोना काल में निधन हो गया। कई मौके ऐसे आए जब जीडीए बोर्ड के ये सदस्य कहते ही रह गए और इनकी बात तक नहीं सुनी गई। एक मौका आया जब तत्कालीन जीडीए वीसी ने अधिकारी बहुमत कहकर एक प्रस्ताव पास करा लिया और जीडीए बोर्ड मेंबर इस बात पर ही उलझकर रह गए कि हम मीटिंग में जाएंगे और हम मीटिंग में नहीं जाएंगे। पूरे कार्यकाल में कोई ऐसा फैसला, कोई ऐसा प्रस्ताव जीडीए बोर्ड सदस्य पास नहीं करा सके जो मील का पत्थर बनता। इससे पहले भी जो जीडीए बोर्ड सदस्य बनें उनके हिस्से में भी खास उपलब्धि नहीं आई। चाहे वो हिमांशु मित्तल हो या सचिन डागर हों। हिमांशु मित्तल को तो तत्कालीन जीडीए वीसी ने कह दिया था कि अगर आप बोर्ड सदस्य हैं तो आपको 25 लाइटें दी सकती हैं। कुल मिलाकर सरकारी कृपा का कोई ऐसा करंट नहीं दिखाई दिया और अब जब फिर ये कवायद हो रही है तो याद दिलाया जा रहा है कि बस नाम हो जाएगा, ये गारंटी बिल्कुल नहीं है कि आपका काम हो जाएगा।

# कूड़े से हो रही है किसे हर महीने लाखों रुपए की कमाई

## पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने सबूतों के साथ ये बात अब है उठाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कूड़े को लेकर जहां कई बार शहर में हाहाकार मच जाता है। कूड़े को लेकर एक बार तो यहां तक हुआ था कि हजारों रुपए रोजाना कूड़ा मेरठ के डंपिंग ग्राउंड में भेजने में लग गए थे। कूड़े के निस्तारण के लिये नई प्लानिंग आती है, गार्बेज फैक्ट्री की बात होती है। मगर अब पता चला है कि कूड़े से हर महीने लाखों रूपए महीने की कमाई हो रही है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने इस मुद्दे को उठाया है। उन्होंने बताया है कि ये पूरा खेल क्रॉसिंग रिपब्लिक में चल रहा है और नगर निगम के डंपर उस कूड़े को उठाकर 940 रुपए टन के हिसाब से नगर निगम के डंपिंग ग्राउंड में डालते हैं। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा है कि ये एनजीटी के आदेशों का भी उल्लंघन है। उन्होंने कूड़े के इस खेल का खुलासा किया है और इसे कूड़ा घोटाले की संज्ञा देते हुए इसकी जांच की मांग की है।



### पहले कूड़ा डाला और फिर वहीं पर जलाकर फैला डाला

**करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कूड़े के खेल का खुलासा करते हुए बताया है कि डूंडाहैड़ा गांव में नगर निगम को 14.5 एकड़ जमीन मिली हुई थी। उसी डंपिंग ग्राउंड पर कूड़ा डालना शुरू कर दिया गया और एक वर्ष के अंदर हजारों टन कूड़ा वहां डाल दिया गया। जब इसकी शिकायत एनजीटी में हुई तो कूड़े को जलाकर वहीं पर फैला दिया गया। जबकि इस स्थान पर कूड़ा डालने के लिये एनजीटी और इलाहाबाद होईकोर्ट द्वारा रोक लगी हुई है। स्थानीय विकास कताओं द्वारा हाईकोर्ट व एनजीटी में मुकदमें दर्ज कर स्थगन आदेश लिया हुआ है। वो आदेश यह है कि यहां पर कूड़ा ना डाला जाए क्योंकि इसके आसपास का क्षेत्र आवासीय है।

### कूड़ा उठाने के लिये ठेकेदार स्वास्थ्य विभाग को देता है और वही कूड़ा 940 रुपए में बिकता है

पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने पत्र में जो आरोप लगाए हैं उसमें उन्होंने कहा कि उन्हें ये जानकारी मिली है कि जो ठेकेदार क्रॉसिंग रिपब्लिक के टावरों में से सॉलिड वेस्ट उठाते हैं वही ठेकेदार उसको अलग-अलग जगहों पर फैंकते हैं फिर उसी कूड़े को उन स्थानों से नगर निगम के डंपरों से उठाने के लिये नगर निगम का ठेकेदार तीन से चार लाख रुपए महीना स्वास्थ विभाग को देता है और यह कूड़ा फिर 940 रूपए टन में नगर निगम के सॉलिड वेस्ट डंपिंग ग्राउंड में चला जाता है। इस प्रकार नगर निगम को लाखों रुपए प्रति माह का चूना लग रहा है। हिमांशु लव ने आरोप लगाया है कि तीन से चार लाख रुपए महीना स्वास्थ्य विभाग में जा रहे हैं।



### क्रॉसिंग रिपब्लिक की 32 सोसाइटियों का कूड़ा बिक जाता है टनों के हिसाब से

नगर निगम की सीमा में आने वाली टाउनशिप क्रॉसिंग रिपब्लिक है यहां लगभग 32 सोसाइटियों का निर्माण हो चुका है। हर टावर का अलग-अलग कूड़ा निकलता है। क्रॉसिंग रिपब्लिक के विकासकर्ता द्वारा दा-बारह टावर पर एक-एक ठेकेदार रखा गया है। जो उन टावरों का कूड़ा उठाकर अलग-अलग स्थानों पर ढालते हैं। ठेकेदार जो कूड़ा उठाते हैं वह क्रॉसिंग रिपब्लिक के आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में बड़ी सड़कों अथवा खाली पड़े प्लॉटों में डाल देते हैं, जिसका सबूत ये है कि ऑरियंटल कार्बन के पास आज भी कूड़ा डाला जा रहा है। फिर उसी कूड़े को नगर निगम के डंपर उठाकर 940 रुपए टन के हिसाब से नगर निगम के डंपिंग ग्राउंड में डाल देते हैं। टाउनशिप पॉलिशी के अंतर्गत यह निर्धारित है कि टाउनशिप विकासकर्ता को उत्तर प्रदेश सरकार सॉलिड वेस्ट अधिनियम 2016 के अंतर्गत सॉलिड वेस्ट का निस्तारण विकासकर्ता को ही करना होगा।

# दिल्ली चुनाव सह प्रभारी अतुल गर्ग ने शुरू की पारी

## चुनाव से पहले कार्य योजना-सदस्यता अभियन को लेकर बैठक





**नई दिल्ली।** आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर दिल्ली चुनाव सह प्रभारी सांसद अतुल गर्ग ने रविवार को जैन समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्य भूषण जैन के दिल्ली निवास पर वैश्य समाज, जैन समाज एवं 50 से भी अधिक एसोशिएशन के अध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारी एवं महानुभावों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में दिल्ली विधानसभा के होने वाले चुनाव के महत्वपूर्ण बिंदु व आगामी कार्ययोजना व राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में प्रमुख रूप से बीपी टंडन अध्यक्ष कमल मॉडल स्कूल द्वारका, दिलीप बिंदल प्रेसिडेंट पेपर मर्चेंट एसोसिएशन ऑल इंडिया, राजकुमार बिंदल, डॉक्टर अनिल गोयल अध्यक्ष गोयल हॉस्पिटल कृष्णा नगर, राजेश वर्मा, प्रगति सिंह, सोनकर शर्मा, राजू भाई अध्यक्ष ज्वैलर्स, एडवोकेट अखिल वरिंदर, राजकुमार बालियान, राजकुमार पंडित, डॉक्टर सुधीर सिंह, वीरेंद्र अग्रवाल, पंकज जैन आदि उपस्थित रहे।

# बेहद पढ़े-लिखे और हाई प्रोफाइल लोगों को निशाना बना रहे हैं साइबर ठग

## कभी डिजिटल अरेस्ट, तो कभी शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करते हैं ठगी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को बने हुए लगभग दो साल का समय पूरा हो गया है। बीते दो सालों के दौरान यहां साइबर क्राइम के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। तो वहीं साइबर थाना खुलने के बाद कई मामलों में पुलिस को सफलता भी मिली है। बीते कुछ महीनो में डिजिटल अरेस्ट और शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगी बेहद पढ़े लिखे लोगों से लेकर प्रमुख कंपनियां और सरकारी सेवाओं के अधिकारियों को भी चूना लगाया गया है। साइबर थाने के एक्सपर्ट और गाजियाबाद साइबर क्राइम की टीम यह जानकर हैरान है कि बेहद पढ़े-लिखे और गजेटेड अधिकारी स्तर के लोग भी इन शातिर साइबर ठगों के जाल में फंसकर बिना जांच पड़ताल किए लाखों रुपए मिनटों में ट्रांसफर कर देते हैं और फिर वह पुलिस थाने और साइबर दफ्तर के चक्कर लगाने को मजबूर होते हैं।

## छह महीने में सैकड़ों को बनाया शिकार

### सरकारी कर्मचारियों से लेकर मल्टीनेशनल कंपनियों के अधिकारी हुए शिकार

करंट क्राइम : साइबर थाने में बीते एक साल के दौरान बड़ी संख्या में साइबर अपराध के अलग-अलग मामलों के मुकदमे दर्ज किए गए हैं। तो वहीं कई मामलों में पुलिस को सफलता तो कई में जांच अभी जारी है। साइबर थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते लगभग छह महीने के दौरान 15 से अधिक ऐसे हाई प्रोफाइल मामले ठगी के सामने आए हैं, जिसमें ठगी के शिकार व्यक्ति या तो राज्य एवं केंद्र सरकार की कार्यालय में अधिकारी हैं, यह वह मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत हैं। साइबर ठगों ने कभी उन्हें डिजिटल अरेस्ट के नाम पर नुकसान पहुंचा है। तो कभी शेयर कंपनी में ट्रेडिंग के बहाने मोटे मुनाफे का लालच देकर मिनटों में लाखों की रकम हड़पने का कारनामा किया है। खास बात यह है कि साइबर ठगी के शिकार होने वाले यह लोग कई बार इतने तनाव में आ जाते हैं कि अपनी बात पुलिस साइबर टीम और अधिकारियों को बताने से भी परहेज करने लगते हैं।

### पहले जीतते हैं भरोसा, फिर तोड़ते हैं विश्वास



करंट क्राइम : साइबर थाने में अधिकांश मामलों की जांच पड़ताल करने वाले निरीक्षक संतोष तिवारी ने बीते दिनों एक शो के दौरान जानकारी दी थी कि साइबर ठगी में ऐसे ऐसे लोग शिकार हो जाते हैं जो खुद बेहद पढ़े लिखे होने के बावजूद अच्छी नौकरी और पदों पर रहते हैं। उनका मानना है कि साइबर ठग सबसे पहले लोगों के विश्वास को जीतते हैं ,फिर उन पर साइकोलॉजिकल हमला करते हुए उनके बैंक बैलेंस पर डाका डालते हैं। वह इस पूरी प्रक्रिया को इतनी तेजी से करते हैं कि अगर एक भी स्तर पर गलती हुई तो पैसा हर हाल में चला जाता है। वह बताते हैं कि शेयर ट्रेडिंग के नाम पर पहले लोगों से कुछ लाख रुपए लगाए जाते हैं। उनको कुछ दिनों तक प्रॉफिट दिया जाता है और फिर जब वह मोटा इन्वेस्टमेंट करते हैं तो जिन खातों में पैसा और जिन नंबरों से बातचीत की जाती है उन्हें बंद अथवा ब्लॉक कर दिया जाता है।

### अधिकांश मामलों में जांच तक सिमट जाता है केस

करंट क्राइम : साइबर अपराधी इतने शातिर और तेज दिमाग होते हैं कि वह पढ़े-लिखे लोगों को भी आसानी से अपने जाल में फंसा कर चूना लगा देते हैं। लोगों की लाखों की रकम को अलग-अलग अकाउंट्स नंबर और अलग-अलग माध्यम से कैश कर लेते हैं और लोग जब तक कुछ समझ पाते हैं तब तक वह पैसा या रकम विड्रोल हो गई होती है या उसे अलग-अलग स्थानों पर निकाल लिया जाता है। साइबर क्राइम पर काम करने वाली टीम बताती हैं कि इसके पीछे पूरा एक अपराधियों का नेटवर्क काम करता है, जो लोगों को ठगने के साथ ही चूना भी लगाता है।

### करोड़ों रुपए दिलवाएं गए वापस

करंट क्राइम : गाजियाबाद में साइबर थाना बनने के बाद साइबर सेल और साइबर क्राइम पर काम करने वाली टीमों ने सैकड़ो मामलों में करोड़ों रुपए की रकम लोगों को वापस दिलवाने का भी काम किया है। इसके साथ ही साइबर थाने की टीम को कई लोगों ने प्रशस्ति पत्र और धन्यवाद भी सोशल मीडिया के माध्यम से दिए हैं जब उनकी रकम बरामदगी होती है।

### डिजिटल अरेस्ट से कैसे बचें और कहां करें इसकी शिकायत



- अपने पासवार्ड को बार-बार बदलते रहें।
- जागरूकता बढ़ाएं, एंटीवारयस रखें।
- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करें।
- ध्यान रहे गिरफ्तारी फिजिकल ही होती है, डिजिटल नहीं।
- पुलिस या कोई भी सरकारी अधिकारी, फोन या वीडियो कॉल पर कोई जानकारी नहीं दें।
- फोन, लैपटॉप या किसी अन्य डिवाइस के सॉफ्टवेयर को अप-टू-डेट रखें।



- आधिकारिक दस्तावेज की हार्ड कॉपी आपके साथ साझा की जाती है।
- अगर कोई इस तरह का फोन कर रहा है, तो उसे कहे कि आप बुलाए गए पुलिस थाने पर जा सकते हैं।
- पुलिस थाना या साइबर सेल में शिकायत दर्ज करवाएं।

## संपादकीय

# नशे का कारोबार

पिछले कुछ समय से ऐसे समाचार लगातार आ रहे हैं कि ड्रग्स की बड़ी खेप बरामद की गई। रह-रहकर ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़े जाने से एक ओर जहां यह स्पष्ट होता है कि भारतीय एजेंसियां नशे के कारोबारियों के खिलाफ सजग और सक्रिय हैं, वहीं दूसरी ओर यह भी रेखांकित होता है कि ड्रग्स के सौदागर भारत को मादक पदार्थ खपाने का जरिया बना रहे हैं या फिर उसे यहां लाकर अन्यत्र भेजना आसान पा रहे हैं। दोनों ही स्थितियां चिंता बढ़ाने वाली हैं।

भारत में न तो ड्रग्स की खपत होने देनी चाहिए और न ही यह होना चाहिए कि उसे यहां लाकर अन्य देशों को भेजा जाए। भारत सरकार को उन कारणों की तह तक जाना चाहिए, जिनके चलते ड्रग्स के कारोबारियों ने भारत को आसान ठिकाना समझ लिया है और जिसके चलते आए दिन ड्रग्स की बड़ी खेप देश के विभिन्न हिस्सों से बरामद की जा रही है। भारत में एक ओर अफगानिस्तान, पाकिस्तान एवं ईरान से ड्रग्स आ रही है तो दूसरी ओर थाइलैंड, लाओस तथा म्यांमार के रास्ते से।

चूंकि समुद्री मार्ग के साथ जमीनी रास्तों से भी ड्रग्स आ रही है, इसलिए भारत को कहीं अधिक सतर्कता बरतनी होगी। चिंता की बात केवल यह नहीं कि नशे के कारोबारी ड्रग्स की खेप भारत लाकर उसकी आपूर्ति अन्य देशों में कर रहे हैं, बल्कि यह भी है कि उनके बीच कुछ तत्व ऐसे भी हैं, जो उसे भारत में ही खपा रहे हैं। यह एक तथ्य है कि पिछले कुछ समय से देश के अनेक छोटे शहरों में भी ड्रग्स की वह खेप पकड़ी गई है, जिसे स्थानीय स्तर पर खपाने के लिए लाया गया था। इस कारोबार में जो भी लिप्त हैं, उन पर कहीं अधिक सख्ती दिखाई जानी चाहिए, क्योंकि वे केवल युवा पीढ़ी को बर्बाद ही नहीं कर रहे, बल्कि ड्रग्स माफिया के रूप में उभरकर कानून एवं व्यवस्था और कई बार तो आंतरिक सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बन रहे हैं।

यह किसी से छिपा नहीं कि आम तौर पर माफिया समूह और आतंकी संगठन ड्रग्स से होने वाली काली कमाई के जरिये ही फलते-फूलते हैं। साफ है कि ड्रग्स का कारोबार आंतरिक सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। नि:संदेह भारतीय एजेंसियां नशे के कारोबारियों की कमर तोड़ने के लिए कहीं अधिक ताकत से सक्रिय हैं और इसमें उन्हें कामयाबी भी मिली है, लेकिन अभी यह नहीं कहा जा सकता कि नशा मुक्त भारत का लक्ष्य आसान नजर आ रहा है।

# भारत की मेड-टेक इंडस्ट्री का निर्यात अगले 6 वर्षों में हो सकता है पांच गुणा : सीआईआई

**नई दिल्ली।** भारत की मेडिकल टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री का निर्यात 2030 तक पांच गुणा बढ़कर 20 अरब डॉलर हो सकता है, जो मौजूदा समय में 4 अरब डॉलर है। हालांकि, इसके लिए सरकारी इंसेंटिव की आवश्यकता है। यह जानकारी इंडस्ट्री बॉडी सीआईआई ने दी। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) में नेशनल मेडिकल टेक्नोलॉजी फोरम के चेयरमैन, हिमांशु बैद ने कहा कि मेडिकल टेक्नोलॉजी सेक्टर के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम मौजूदा समय में कुछ चुनिंदा मेडिकल उपकरणों के लिए उपलब्ध है, जिसका विस्तार सभी उत्पादों तक, साथ ही निमार्ताओं को 'छिपी हुई लागतों की प्रतिपूर्ति' के लिए निर्यात प्रोत्साहन प्रदान करने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा, हम देश में आवश्यक मेडिकल उपकरणों का लगभग 60 से 70 प्रतिशत आयात कर रहे हैं। जबकि, हमारी मैन्युफैक्चरिंग अभी भी बहुत कम है क्योंकि जरूरत के मेडिकल उपकरणों में से लगभग 30 प्रतिशत की ही देश में मैन्युफैक्चरिंग होती है। हमारा आयात हमारे निर्यात से कहीं अधिक है। हमारा आयात लगभग 8 अरब



डॉलर है और हमारा निर्यात 4 अरब डॉलर के करीब है। बैद ने आगे कहा कि चीन प्लस वन रणनीति का फायदा उठाते हुए हम आसानी से इस इंडस्ट्री को तेजी से बढ़ा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि 2030 तक एक तरफ देश का निर्यात बढ़ेगा। वहीं, आयात 8 अरब डॉलर से घटकर 3 से 4 अरब डॉलर तक आ सकता है। बैद के मुताबिक, इंडस्ट्री को व्यापार में आसानी के लिए कुछ सुधारों की आवश्यकता है, जिसमें क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर के समय नियमों की जटिलता आदि शामिल है, जिससे देश का निर्यात और मैन्युफैक्चरिंग प्रभावित होती है। बैद ने जोर देते हुए कहा कि भारत में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा करीब 3,000 उत्पादों को नियमन किया जाता है। हमें पूरे सेक्टर के लिए पीएलआई जैसी स्कीम की आवश्यकता है। पीएलआई स्कीम को केवल कुछ उत्पादों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। सरकार को वैश्विक बाजारों में आगे बढ़ने के लिए देश में होने वाले प्रत्येक मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल उपकरण इंडस्ट्री के लिए मौजूदा पीएलआई योजना में केवल 28 कंपनियों शामिल हैं। इसका बजट 3,400 करोड़ रुपये है और केवल 10 से 20 प्रतिशत फंड का उपयोग किया गया है। बैद ने कहा कि भारत के निर्यात बुनियादी ढांचे में सुधार करने की जरूरत है। हम अपने कंटेनरों को देश से बाहर भेजने के लिए दो से तीन सप्ताह तक इंतजार नहीं कर सकते, जबकि चीन में, जहाज से उत्पाद बाहर भेजने में शायद दो या तीन दिन का समय लगता है।

## हवाई सफर होगा महंगा, हवाई ईंधन की कीमतों में बड़ा इजाफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत 91,856.84 प्रति किलोलीटर हो गई है। इसके अलावा कोलकाता में एटीएफ 94,551.63 प्रति किलोलीटर, मुंबई में 85,861.02 प्रति किलोलीटर और चेन्नई में 95,231.49 प्रति किलोलीटर मिल रहा है। क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के सीजन में एयरलाइन कंपनियों ने यात्रियों को झटका दिया है। सरकारी तेल कंपनियों ने आज यानी 1 दिसंबर से एविएशन टर्बाइन फ्यूल के दाम बढ़ा दिये हैं। इससे अब एयरलाइन्स भी हवाई किराये में बढ़ोतरी कर सकती हैं, जिसका सीधा असर यात्रियों पर पड़ेगा। तेल कंपनियों ने 1 दिसंबर से एटीएफ की कीमत को 13,181.2 प्रति किलो लीटर बढ़ा दिया है। इससे दिल्ली में एविएशन



टर्बाइन फ्यूल की कीमत 91,856.84 प्रति किलोलीटर हो गई है। इसके अलावा कोलकाता में एटीएफ 94,551.63 प्रति किलोलीटर, मुंबई में 85,861.02 प्रति किलोलीटर और चेन्नई में 95,231.49 प्रति किलोलीटर मिल रहा है। इन बढ़ती कीमतों का असर हवाई किराया पर देखने को मिल सकता है। दरअसल, दिसंबर लगातार दूसरा महीना है, जब सरकारी तेल कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में इजाफा किया है। पिछले महीने भी एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत 2,941.5 प्रति किलोलीटर बढ़ाई गई थी। इससे एयरलाइंस का परिचालन खर्च तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि, एटीएफ महंगा होने से एयरलाइंस हवाई कीमतों में 10 से 15 फीसदी का इजाफा कर सकती हैं। ऐसे में यात्रियों को महंगे में टिकट खरीदना पड़ जाएगा। डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट आने से एटीएफ की कीमतों में इजाफा हो रहा है। हवाई फ्यूल की लागत एयरलाइंस के कुल खर्च का करीब 40 फीसदी हिस्सा होती है। एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के दामों में उतार-चढ़ाव और रुपया-डॉलर की विनिमय दरों में गिरावट के कारण हुई है।

## केंद्र विकास दर को बढ़ाने के लिए 2024-25 की दूसरी छमाही में 25 प्रतिशत बढ़ाएगा पूंजीगत व्यय : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही (अक्टूबर से मार्च) में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले पूंजीगत व्यय 25 प्रतिशत बढ़ा सकती है। यह जानकारी निवेश फर्म जेफरीज की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि राज्यों में लोक लुभावन योजनाओं में वृद्धि हुई है। ऐसे में केंद्र सरकार इस स्थिति को बैलेंस करने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर निवेश बढ़ाएगी, जिससे वृद्धि दर को सहारा मिले और अधिक नौकरियां पैदा हो।

रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई कि केंद्र सरकार का कुल व्यय, जिसमें सामाजिक कल्याण योजनाओं पर आवंटन शामिल है, 2024-25 की दूसरी छमाही में सालाना आधार लगभग 15 प्रतिशत बढ़ेगा। इससे पता चलता है कि सरकार आर्थिक विकास दर को बढ़ाने और पूंजीगत व्यय में 25 प्रतिशत की उच्च वृद्धि के माध्यम से अधिक नौकरियां पैदा करने के लिए बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर अपना जोर दे रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य चुनावों में हैंडआउट योजनाओं (सरकार द्वारा सीधे जरूरतमंदों को पैसा ट्रांसफर) की बढ़ती सफलता, जैसे कि महाराष्ट्र का वेलफेयर प्रोग्राम, जिसकी लागत सालाना 46,000 करोड़ रुपये (राज्य की जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) है, लोक लुभावन योजनाओं की संभावित लहर के बारे में चिंता पैदा करती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 28 भारतीय राज्यों में से 14 में पहले से ही इसी तरह की योजनाएं हैं, जो लगभग 12 करोड़ परिवारों को कवर करती हैं और इसकी लागत भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.7-0.8 प्रतिशत है। हालांकि, भारत सरकार का ध्यान बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स बनाकर लंबी अवधि में आर्थिक सपंत्तियां बनाने पर है, जिससे विकास दर को सहारा मिले।

# मस्क ने ओपनएआई को लाभ-उन्मुख संगठन में बदलने से रोकने के लिए निषेधाज्ञा दायर की

**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित ओपनएआई के खिलाफ कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार के लिए प्रारंभिक निषेधाज्ञा के लिए आवेदन किया है। रिपोर्ट के अनुसार, निषेधाज्ञा के लिए प्रस्ताव में ओपनएआई, इसके सीईओ सैम ऑल्टमैन, अध्यक्ष ग्रेग ब्रॉकमैन, माइक्रोसॉफ्ट, लिंक्डइन के सह-संस्थापक और ओपनएआई के पूर्व बोर्ड सदस्य रीड हॉफमैन और ओपनएआई के पूर्व बोर्ड सदस्य और माइक्रोसॉफ्ट के उपाध्यक्ष डी टेम्पलटन पर विभिन्न अवैध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है और उन्हें रोकने का प्रयास किया गया है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि आरोपों में निवेशकों को मस्क की अपनी एआई कंपनी, एक्सआई जैसे ओपनएआई प्रतिद्वंद्वियों का समर्थन करने से हतोत्साहित करना और माइक्रोसॉफ्ट के साथ ओपनएआई के संबंधों के माध्यम से गलत तरीके से प्राप्त प्रतिस्पर्धी संवेदनशील जानकारी से लाभ उठाना शामिल है। आरोपों में ओपनएआई के शासन ढांचे को लाभ के लिए परिवर्तित करना और



ओपनएआई, इंक., इसकी सहायक कंपनियों या सहयोगियों के स्वामित्व वाली, रखी गई या नियंत्रित बौद्धिक संपदा सहित किसी भी भौतिक संपत्ति को स्थानांतरित करना भी शामिल है। प्रस्ताव में कहा गया कि ओपनएआई के गैर-लाभकारी चरित्र के बचे हुए हिस्से को, स्व-व्यवहार से मुक्त रखने के लिए निषेधाज्ञा ही एकमात्र उचित उपाय है। यदि ऐसा नहीं होता, तो ओपनएआई ने मस्क और जनता से जो वादा किया था, वह अदालत के निर्णय तक खत्म हो चुका होगा। ओपनएआई ने एक बयान में कहा कि एलन का चौथा प्रयास, जो फिर से उन्हीं शिकायतों को दोहराता है, पूरी तरह से निराधार है। एआई कंपनी ने पहले मुकदमे को बकवास और निराधार बताया था। निषेधाज्ञा के लिए प्रस्ताव में, मस्क के वकीलों ने लिखा कि अंतिम समाधान तक ओपनएआई की स्थिति को बनाए रखना और ऑल्टमैन द्वारा आगे के स्व-व्यवहार लेनदेन को रोकना संगठन के संस्थापक मिशन और धर्मार्थ कार्यों के उचित प्रशासन में सार्वजनिक हित दोनों की रक्षा करता है। कैलिफोर्निया की एक जिला अदालत में ओपनएआई के खिलाफ दायर अपने संशोधित मुकदमे में, मस्क के वकीलों ने तर्क दिया कि निवेशकों से फंड न देने का वादा करके ओपनएआई एक्स एआई जैसे प्रतिस्पर्धियों को खत्म करने की सक्रिय रूप से कोशिश कर रहा है। मुकदमे में आगे आरोप लगाया गया कि इससे पहले कभी भी कोई निगम कर-मुक्त दान से 157 बिलियन के लाभ कमाने वाले, बाजार को पंगु बनाने वाले गोरगन में नहीं बदला है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द तुरंत कम हो जाता है।
- 92% लोग सिर्फ हंस देते हैं, जब उन्हें सामने वाले की बात समझ नहीं आती है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की 8-औंस दूध के गिलास जितनी कैल्शियम की मात्रा प्राप्त करने के लिए आपको एक चौथाई ब्रोकोली, सात संतरे या गेहूं की रोटी के छह स्लाइस खाने पड़ते हैं।
- प्राचीन यूनानियों ने दूध को दवा के रूप में इस्तेमाल किया और उनके ओलंपिक एथलीटों ने दूध के साथ खुद को ताकत दि थी!
- चींटियाँ कभी भी नहीं सोती हैं।
- नील आर्मस्ट्रांग ने चन्द्रमा पर अपना बायां पैर पहले रखा था। उस समय उनका दिल 1 मिनट में 156 बार धड़क रहा था।

## राशिफल

**मेष:** आपसी अविश्वास आपके रिश्ते में दरार पैदा करेगा। मन विचलित रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य चिंता का विषय बन सकता है।

**वृष:** किसी कारणवश आप साथी को शत्रु भी मान सकते हैं। प्रेम जीवन में तनाव की स्थिति उत्पन्न होगी। दांपत्य जीवन में आपको अपने पार्टनर का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** सगाई के योग बन रहे हैं। कामकाजी पत्नी मिलने की संभावना है। मनचाहा जीवनसाथी पाने की इच्छा पूरी हो सकती है।

**कर्क:** पार्टनर के साथ रोमांटिक ट्रिप पर जा सकते हैं। आज का दिन रोमांस से भरपूर रहने वाला है। प्रेमिका से अनबन हो सकती है।

**सिंह:** दोस्त या भाई बहन से झगड़ा हो सकता है। अपने प्रेमी की इच्छाओं का ध्यान रखें और उन्हें पूरा सम्मान दें, नहीं तो दूरियां बन सकती हैं।

**कन्या:** विचारों के आदान-प्रदान से आपसी प्रेम बढ़ेगा। कुछ समय के लिए प्यार में आपसी दूरी बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में किसी अनजान साथी से मित्रता बढ़ेगी।

**तुला:** धन संबंधी परेशानी आपको अपनों से दूर रखेगी। जो प्रेमी युगल प्रेम विवाह करना चाहते हैं उनके लिए आज का दिन उत्तम है।

**वृश्चिक:** बिना किसी ठोस वजह के पार्टनर से मनमुटाव होगा। बेवजह के गुस्से से आपसी प्रेम में कमी आएगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

**धनु:** पार्टनर के साथ मनमुटाव, राय या जीवनशैली में मतभेद हो सकता है। अपने प्रियजन को समझें। कुछ दिलचस्प बातों से दूर करें आपसी तनाव।

**मकर:** लव पार्टनर से मिलने का इंतजार खत्म होगा। प्रेमिका के साथ मनमुटाव की दौड़ समाप्त होगी। पारिवारिक मामलों पर जीवनसाथी के साथ बहस हो सकती है।

**कुंभ:** मन भ्रमित है। पुराने मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। पार्टनर के साथ ज्यादा समय बिताएं। मन प्रसन्न रहेगा। मूवी देखने जाने से नजदीकियां आएंगी।

**मीन:** जीवनसाथी के साथ बेवजह के विवादों से बचें। लव लाइफ में पार्टनर का सहयोग मिलने वाला है। प्रेमिका को किसी रोमांटिक जगह पर ले जा सकते हैं।

## चुटकुले

लड़की वाले- आपका बेटा क्या करता है?
लड़के वाले- जी वह पायलट है,
लड़की वाले- कौन सी एयरलाइंस में?
लड़के वाले- जी वो शादियों में ड्रोन उड़ाता है...
लड़की वाले चकरा गए...

---

रामू सिर पर हाथ धरे बैठा था,
पास से गुजर रहे व्यक्ति ने पूछा क्या हुआ भाई क्यों परेशान बैठे हो?
रामू- यार क्या बताऊं 2 टन का एसी खरीदा था, घर जाकर तौला तो 62 किलो का ही निकला...

---

एक कंजूस पति को करंट लगा
पत्नी- आप ठीक तो हो ना?
पति- मैं ठीक हूं, तू मीटर देख...यूनिट कितना बढ़ा...




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए जी एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# बीसीबी प्रमुख फारूक अहमद ने कहा शाकिब अभी भी बांग्लादेश के लिए खेल सकते हैं

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष फारूक अहमद ने कहा कि उनका अब भी मानना है कि शाकिब अल हसन सीनियर पुरुष टीम के लिए खेल सकते हैं, बशर्ते उन्हें कानूनी अधिकारियों से मंजूरी मिल जाए।

इस साल टेस्ट और टी20 से संन्यास लेने वाले शाकिब को उम्मीद थी कि वह अपना आखिरी टेस्ट घरेलू धरती पर खेलेंगे। लेकिन सुरक्षा चिंताओं के कारण उन्हें ऐसा करने का मौका नहीं मिला और वह अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज भी नहीं खेल पाए।



इसका यह भी मतलब है कि अपदस्थ अवामी लीग सरकार से सांसद चुने गए शाकिब को वेस्टइंडीज दौरे के लिए बांग्लादेश की वनडे टीम में शामिल नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा, जहां तक शाकिब अल हसन का सवाल है। मैं कोई निश्चित जवाब नहीं दे सकता। मैं चाहता हूं कि वह खेलें, लेकिन उनकी अनुपस्थिति क्रिकेट बोर्ड से संबंधित नहीं है।

क्रिकबज ने अहमद के हवाले से कहा, हालांकि, विदेश में फ्रेंचाइजी लीग में खेलना और राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना एक जैसा नहीं है।

राष्ट्रीय टीम को एक निश्चित संयोजन की आवश्यकता होती है और शाकिब इस समय उस स्तर पर योगदान देने की मानसिक स्थिति में नहीं दिखते। हमने यह निर्णय उन पर छोड़ दिया है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के महिला संस्करण को शुरू करने पर विचार चल रहा है, लेकिन उन्होंने यह भी बताया कि पुरुषों के टूर्नामेंट के आगामी संस्करण को सफल बनाना भी प्राथमिकता है।

# पंजाब एफसी के निखिल प्रभु ने टीम की मानसिकता पर दी प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली।** मुंबई फुटबॉल एरेना में पंजाब एफसी की मुंबई सिटी एफसी पर 3-0 की बड़ी जीत के बाद, मुख्य कोच पानागियोटिस डिलम्परिस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें ग्रीक मैनेजर को अपनी टीम से यह कहते हुए सुना जा सकता है, 'मैंने तुमसे कहा था कि हम सर्वश्रेष्ठ हैं।'

**मुंबई फुटबॉल एरेना में पंजाब एफसी की मुंबई सिटी एफसी पर 3-0 की बड़ी जीत के बाद, मुख्य कोच पानागियोटिस डिलम्परिस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें ग्रीक मैनेजर को अपनी टीम से यह कहते हुए सुना जा सकता है, 'मैंने तुमसे कहा था कि हम सर्वश्रेष्ठ हैं**

पंजाब एफसी के मिडफील्डर निखिल प्रभु ने आईएएनएस के साथ बातचीत में टीम की मानसिकता पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे डिलम्परिस के प्रभाव ने खेल के प्रति सबका नजरिया बदल दिया।

निखिल ने आईएएनएस से कहा, कोच हमेशा हमें कहते हैं कि हमें खुद पर भरोसा रखना चाहिए। हमें विरोधियों के हिसाब से नहीं, बल्कि विरोधियों को हमारे हिसाब से ढलना चाहिए। वह हमें बताते हैं कि हम लीग की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। उनकी यह बात हमें बहुत प्रेरित करती है। हम व्यक्तिगत तौर पर बहुत खराब हो सकते हैं लेकिन हम एक टीम के तौर पर बहुत अच्छे हैं। अगर एक खिलाड़ी कुछ गलत करता है तो यह पूरी टीम के लिए बुरा होता है, इसलिए वह कहते हैं कि हम लीग की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। आप जानते हैं, वह किसी को लीग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं कहते। हम लीग की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं, यही हमारा मानना है।

इंडियन सुपर लीग की तालिका के निचले हिस्से में अपना पहला सीजन बिताने के बाद, टीम ने अपने नए मुख्य कोच के नेतृत्व में शानदार शुरूआत की है।

टीम वर्तमान में तालिका में चौथे स्थान पर है, जिसने शीर्ष दो टीमों, बेंगलुरु एफसी और मोहन बागान से एक मैच कम खेला है। तीसरे स्थान पर मौजूद नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से दो मैच दूर है। वे अपने अगले दो मुकाबलों में मोहम्मडन एससी और जमशेदपुर का सामना करेंगे।

टीम डिफेंस में भी मजबूत रही है, उसने केवल 9 गोल खाए हैं, जिससे वह इस सीजन में सबसे कम गोल खाने वाली टीमों में तीसरे स्थान पर है। प्रभु ने बताया कि कैसे डिलम्परिस ने इस सीजन में टीम को डिफेंसिव रूप से बेहतर बनाने में मदद की है।

# लाबुशेन को अपने खराब फॉर्म को सुधारने का तरीका खोजना होगा : पोंटिंग



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को वास्तव में अपने खराब फॉर्म को सुधारने का तरीका खोजना होगा। लाबुशेन ने पहले टेस्ट में सिर्फ दो और तीन रन बनाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया को पर्थ में भारत के खिलाफ 295 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

लाबुशेन, जो कभी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर थे, ने इस साल जनवरी की शुरूआत में पाकिस्तान के खिलाफ दो अर्धशतक लगाने के बाद अपने पांच टेस्ट मैचों में 13.66 का औसत बनाया है। मुझे लगता है कि आपको चैंपियन खिलाड़ियों पर भरोसा दिखाना होगा। इस टीम में हम जिन लोगों के बारे में बात कर रहे हैं, उनमें से बहुत से लोग चैंपियन खिलाड़ी रहे हैं।

शायद, थोड़े समय के लिए नहीं। मुझे लगता है कि मैंने दूसरे दिन कहीं पढ़ा था कि जनवरी (पाकिस्तान सीरीज के बाद) से मार्नस टेस्ट में 13 की औसत से रन बना रहे हैं। इसलिए उन्हें वास्तव में इसे बदलने का तरीका खोजना होगा।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, पर्थ के सभी बल्लेबाजों में से वह मुझे सबसे ज्यादा अस्थिर लगे। हां, यह उच्च गुणवत्ता वाली गेंदबाजी थी। हां, यह बल्लेबाजी के लिए एक मुश्किल विकेट था। लेकिन जब आप बल्लेबाज के तौर पर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना कर रहे हों, तो आपको अधिक जोखिम उठाना पड़ता है।"

6 दिसंबर को एडिलेड ओवल में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट, जो गुलाबी गेंद से होगा, के साथ पोंटिंग ने विराट कोहली का उदाहरण देते हुए ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों से क्रीज पर टिके रहने के लिए जरूरत से ज्यादा रन बनाने की मानसिकता रखने का आग्रह किया है।

मुझे लगता है कि इस सप्ताह मार्नस और कंपनी के लिए यह बड़ी चुनौती होगी। शायद यह थोड़ा ढीला छोड़ने जैसा होगा। पहले रन बनाने के बारे में सोचें और पहले आउट होने के बारे में न सोचें। इसे बदलने का सिर्फ.एक ही तरीका है, और वह है सकारात्मक रहना और बेहतरीन इरादे दिखाना।

उन्होंने कहा, पहली पारी में, वह (कोहली) विपक्षी गेंदबाजों की हरकतों से निपटने की कोशिश में बहुत ज्यादा चिंतित हो गए और अपनी खेल शैली से दूर हो गए। दूसरी पारी में उन्होंने अपनी शैली पाई, उन्होंने शतक बनाया। अब यह मार्नस, स्मिथ और उनकी टीम पर है कि वे फिर से अपना रास्ता खोजें और कुछ रन बनाएं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे बेन स्टोक्स

**क्राइस्टचर्च।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वह रविवार को हेगले ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। स्टोक्स पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।



टिम साउदी को गेंदबाजी करते हुए बेन स्टोक्स को अपना ओवर थोड़ी परेशानी के कारण बीच में ही छोड़ना पड़ा। उनकी जगह गस एटकिंसन को ओवर खत्म करने के लिए गेंद दी गई। इसके बाद उन्होंने गेंदबाजी नहीं की, हालांकि उन्होंने मैदान पर बने रहने का फैसला किया। इंग्लैंड ने चौथे दिन 104 रनों का पीछा करते हुए यह मैच जीत लिया।

स्टोक्स ने मैच खत्म होने के बाद कहा, यह सप्ताह काफी व्यस्त रहा। मैदान पर काफी समय बिताया और मैंने 20 ओवर गेंदबाजी की। बल्ले से भी मैंने पूरी कोशिश की। गेंद के लिए डाइव करते समय मेरी पीठ में चोट लग गई, इसलिए यह किसी और चीज से ज्यादा प्रबंधन की बात थी। हम खेल में जिस स्थिति में थे, मुझे लगा कि और गेंदें निकालना जरूरी नहीं है। मुझे लगता है कि इस मैच के लिए शरीर फिट रहेगा और मैं वेलिंगटन के लिए खेलने के लिए बेताब हूं।

मैच में स्टोक्स ने दूसरी पारी में 80 रन बनाए, उन्होंने कुल 19.3 ओवर गेंदबाजी की। उन्होंने हैरी ब्रूक और गस एटकिंसन के साथ साझेदारी करके इंग्लैंड को पहली पारी में 499 रन बनाने पर भी बात की।

उन्होंने कहा, यह अच्छा था। गस और कार्सी के आने और इस तरह से बल्लेबाजी करने के बाद, मैं उन्हें स्ट्राइक दे रहा था।

# इंग्लिश बल्लेबाज जो रूट ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड

**क्राइस्टचर्च।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने हेगले ओवल में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड की 8 विकेट की जीत के साथ टेस्ट क्रिकेट की चौथी पारी में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया।



रूट ने अपनी 22 रन की तेज पारी के दौरान चौथी पारी में तेंदुलकर के 1,625 रनों के आंकड़े को पार किया, जिससे इंग्लैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। वर्तमान में उनके नाम टेस्ट मैचों की चौथी पारी में बनाए गए 1,630 रन हैं।

पिछले महीने रूट जिनके नाम 12, 777 रन हैं, पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने थे और उन्होंने एलिस्टर कुक को पीछे छोड़ दिया था।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने यह उपलब्धि मात्र 147 टेस्ट और 268 पारियों में हासिल की, जबकि कुक ने यह उपलब्धि 161 टेस्ट और 291 पारियों में हासिल की थी।

टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में रूट से आगे केवल सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ ही हैं।

# हर्षित राणा की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम 11 को 240 रन पर समेटा

**कैनबरा।** तेज गेंदबाजी आलराउंडर हर्षित राणा के (4-44) के खतरनाक स्पैल की बदौलत भारत ने रविवार को मनुका ओवल में पिंक बॉल से खेले गए अभ्यास मैच में आस्ट्रेलियाई पीएम 11 को 43.2 ओवर में 240 रन पर आउट कर दिया।



बारिश के कारण दो दिवसीय पिंक बॉल मैच का पहला दिन धुल जाने के बाद, भारत ने 50 ओवरों के सीमित मुकाबले में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टस ने 90 गेंदों में शतक जड़कर चमक बिखेरी, जिससे ऑस्ट्रेलिया के खराब फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन और नए सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी पर दबाव बढ़ गया, जिन्होंने पर्थ में डेब्यू पर कुछ खास नहीं किया।

लेकिन राणा ने छह गेंदों में चार विकेट लेकर सुनिश्चित किया कि भारत पीएम 11 को 250 के स्कोर से 10 रन नीचे रखे। सलामी बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ सिर्फ पांच रन बनाकर मोहम्मद सिराज की गेंद पर दूसरी स्लिप में आउट हो गए, और इसके बाद जेडन गुडविन ने आकाश दीप की गेंद पर विकेट के पीछे कीपर को कैच थमा दिया, जिससे पीएम 11 का स्कोर 5.5 ओवर में 22/2 हो गया।

बारिश के कारण मैच 46-ओवर का हो गया। लेकिन कोंस्टस अपने शानदार स्ट्रोक-प्ले में दमदार दिखे।

कुल मिलाकर, उन्होंने 97 गेंदों पर 107 रन बनाए जिसमें 14 चौके और एक छक्का शामिल था और उनका स्ट्राइक रेट 110.3 था, जबकि जैक क्लेटन (40) के साथ 109 रनों की साझेदारी की।

लेकिन राणा ने क्लेटन, ओली डेविस, जैक एडवर्ड्स और सैम हार्पर को आउट करके भारत को मैच में वापस ला दिया और पीएम इलेवन का स्कोर 138/7 पर पहुंचा दिया।

कोंस्टस को हनो जैकब्स के रूप में एक अच्छा साथी मिला और दोनों ने आठवें विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की।

# फिक्की ने खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया को देश के प्रतिष्ठित 'इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड 2024' से सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** खेलों के क्षेत्र में फिक्की द्वारा दिया जाने वाला प्रतिष्ठित इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड 2024 इस बार खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया को खेलों में उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

गत रात्रि फिक्की हाउस में आयोजित 14वें ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट में खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया को बेस्ट नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन 2024 के अवार्ड से सम्मानित किया गया।




खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और खो खो वर्ल्ड कप 2025 के आयोजन समिति के चेयरमैन सुधांशु मित्तल ने शानदार समारोह में यह पुरस्कार ग्रहण किया। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव एम एस त्यागी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

सुधांशु मित्तल ने फिक्की को इस अवार्ड के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पुरस्कार प्राचीन भारतीय खेल के विकास और प्रोत्साहन के लिए खो खो फेडरेशन द्वारा किये गए सराहनीय कार्यों को मान्यता देता है।

सुधांशु मित्तल ने कहा कि जनवरी 2025 में आयोजित किये जा रहे खो खो वर्ल्ड कप में इंग्लैंड, जर्मनी, हॉलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे, जिनमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें शामिल होंगी जबकि कुछ देश ऑब्जरवेशन डेलिगेट भेजेंगे।

प्रत्येक खो खो टीम में 18 सदस्य होंगे। इसमें भाग लेने वाली टीमें इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आगामी 8 जनवरी से प्रैक्टिस सेशन में भाग ले सकेंगी। इस चैंपियनशिप में अफ्रीकी महाद्वीप से घाना, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

एशिया का प्रतिनिधित्व मेजबान भारत के साथ दक्षिण कोरिया, पाकिस्तान, श्रीलंका , भूटान, बांग्लादेश, नेपाल इंडोनेशिया, ईरान, और मलेशिया करेंगे। यूरोप से जर्मनी, नीदरलैंड, पोलैंड और इंग्लैंड प्रतिभागी होंगे जबकि उत्तरी अमेरिका का प्रतिनिधित्व अमेरिका और कनाडा करेंगे।दक्षिण अमेरिका महाद्वीप से पेरू और ब्राजील की टीमें होंगी जबकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ओसनिया की टीमें होंगी।

# मेलबर्न रेनेगेड्स ने पहली बार जीता महिला बिग बैश लीग खिताब

**मेलबर्न।** मेलबर्न रेनेगेड्स ने रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बारिश से प्रभावित फाइनल में डीएलएस पद्धति के जरिए ब्रिसबेन हीट को सात रनों से हराकर अपना पहला महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) खिताब जीता है। इस जीत के साथ रेनेगेड्स का सबसे निचले पायदान से चैंपियन बनने का परीकथा जैसा सफर पूरा हुआ।



प्लेयर ऑफ द मैच हेले मैथ्यूज ने 61 गेंदों पर 69 रनों की पारी खेली, जिससे रेनेगेड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 141/9 का स्कोर बनाया, जिसके बाद जॉर्जिया वेयरहैम (21) और नाओमी स्टेलेनबर्ग (16) ने योगदान दिया, लेकिन 30 मिनट की बारिश के कारण हीट का लक्ष्य 12 ओवर में 98 रन रह गया।

डब्ल्यूबीबीएल फाइनल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने के बाद, हेले ने एक ओवर में दो विकेट चटकाए, जिससे हीट रन चेज के दौरान 37/5 पर लड़खड़ा गई, जिसमें ग्रेस हैरिस (0) और जेमिमा रोड्रिग्स (1) का विकेट भी जल्दी-जल्दी गिरना शामिल था।

कप्तान जेस जोनासेन की 28 गेंदों पर नाबाद 44 रनों की पारी ने हीट को मुकाबले में बनाए रखा, लेकिन रेनेगेड्स ने पिछले साल अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहने के बाद अपना पहला डब्ल्यूबीबीएल खिताब जीतने के लिए संघर्ष किया, 5844 प्रशंसकों के सामने, जो इस सीजन में स्टेडियम में सबसे अधिक भीड़ थी। हेले को निस्संदेह उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया।

एमसीजी में इस सीजन की सबसे बड़ी भीड़ के सामने अपना पहला डब्ल्यूबीबीएल खिताब जीतने पर मेलबर्न रेनेगेड्स को बधाई। आज के फाइनल ने डब्ल्यूबीबीएल के शानदार दसवें संस्करण का समापन किया, जिसमें औसत दर्शकों और उपस्थिति में वृद्धि ने विश्व स्तरीय क्रिकेट को दशार्या।

# 3 दिसम्बर को होगी कृषि यंत्रों की ई-लॉटरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश शासन कृषि अनुभाग-2 एवं शासनादेश में निहित प्राविधान के अन्तर्गत कृषि विभाग में संचालित प्रमोशन ऑफ मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ काप रेज्ड्यू योजना सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर नैकेनाईजशन योजना एवं कृषि यन्त्रीकरण की अन्य योजनाओं में कृषि यन्त्रों के घटकवार, श्रेणीवार एवं यन्त्रवार लक्ष्यों की नियमानुसार शत प्रतिशत पूर्ति किये जाने हेतु लक्ष्य से अधिक बुकिंग की दशा में कृषकों के चयन हेतु ई-लॉटरी को व्यवस्था की गयी है। कृषि निदेशालय, उ०प्र० (अभियन्त्रण अनुभाग) कृषि भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक द्वारा जनपद में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 03 दिसंबर 2024 दिन मंगलवार को ई-लॉटरी सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा आप सभी को आदेशित किया जाता है कि उपरोक्त निर्धारित तिथि दिनांक 03.12.2024 को 11:00 बजे विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में उपस्थित होकर ई-लॉटरी प्रक्रिया को पूर्ण कराने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# भारत विकास परिषद ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन





साहिबाबाद (करंट क्राइम)। भारत विकास परिषद इंदिरापुरम शाखा द्वारा शिप्रा रिवेरा सोसायटी में रविवार को रक्तदान, नैत्र जांच शिविर आयुष्मान कार्ड बनवाने का संयुक्त शिविर लगाया गया। जिसमें 31 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया, वहीं 58 लोगों द्वारा नेत्र चिकित्सा का लाभ लिया गया। इस मौके पर 39 वरिष्ठ नागरिकों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा द्वारा 29वीं बार रक्तदान दिया गया। इस कार्य से परिषद कार्यकर्ता एवं समाज को बड़ी प्रेरणा मिली शाखा संयोजक अरुण शर्मा ने भी 16वीं बार भी रक्त दान किया। बड़ी संख्या में युवक-युवतियों समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. उर्वशी एवं डॉ. गुप्ता ने बताया हीमोग्लोबिन कम होने के कारण बहुत से लोगों को रक्तदान करने से वंचित होना पड़ा है। दिनचर्या एवं भोजन प्रणाली ठीक रखे, एक घन्टे अपने स्वास्थ्य को देने का आह्वान किया। डॉ. विकास वीलवार व ओमवीर वीलवाल ने लोगों को बताया मोबाइल कम्प्यूटर शुगर बी,पी से आंखों के विकार बढ़ रहे हैं इन खोजों से बचाव करना चाहिए। डा स्मृति शर्मा मकनपुर ने बताया प्रधानमंत्री योजना तहत आयुष्मान कार्ड की सुविधा हेतु निरंतर शिविर आयोजित किए जाएंगे और परिषद के सदस्यों से सहयोग अपेक्षित है। इस अवसर पर अध्यक्ष विनिता वाजपेयी, रविन्द्र तिवारी, रिचा वालिया, अनिल गुप्ता, अजेय वालिया, राजकुमार अग्रवाल, सतीश शर्मा, शाखा संरक्षक हेमंत वाजपेयी ने सबको घन्यवाद देते हुए परिषद के चतुर्थ कन्यादान योजना को सफल बनाने हेतु जरूरत मंदों तक संदेश पहुंचा विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने का निवेदन किया।

## घायल युवक का मोबाइल चोरी कर 14 लाख निकाले

**नोएडा।** नोएडा की जेवर कोतवाली के दयानतपुर गांव के एक व्यक्ति की सड़क हादसे में घायल होने पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका मोबाइल चोरी कर करीब 14 लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने अब अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव निवासी राजकुमार उर्फ राजू ने बताया कि वह 25 नवंबर को कार से यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते कहीं जा रहे थे। रास्ते में उनकी कार का एक ट्रक से हादसा हो गया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने मदद के बहाने उनका मोबाइल चोरी कर लिया और उनके खाते से किसी तरह फ्रॉड कर कई बार में करीब 14 लाख रुपये निकाल लिए। बेटी की शादी के लिए पीड़ित ने जमीन बेची थी पीड़ित राजकुमार ने बताया कि वह गांव में रहकर खेती-बाड़ी का काम करते हैं। जिन्होंने अपनी बेटी की शादी के लिए कई महीने पहले जमीन बेची थी। जिसकी रकम खाते में थी। जिसको आरोपी ने गायब कर दिया है। पीड़ित परिवार जिसके बाद से काफी परेशान है। क्योंकि उनकी बेटी की दिसंबर में शादी होनी तय है। परिवार के लोगों का कहना है कि अब वह अपनी बेटी की शादी के लिए कैसे पूरे इंतजाम करेंगे।







# एक और एसीपी की हुई विदाई

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को दो साल का समय हो गया है। बीते दो सालों के दौरान कई परफेक्ट फेस आए और गए भी हैं। तो वहीं कई चेहरे आने के बाद यहां सेट नहीं हो पा रहे हैं। उधर पुलिस में कहा जाता है कि यहां लगातार आने और जाने का सिलसिला चलता रहता है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से एक और एसीपी स्तर के अधिकारी ने बाय-बाय कर दिया है। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है उनकी सेवाएं पूरी हो गई थीं, इसीलिए उनको विदाई वाली पार्टी भी दे दी गई है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को उनका विदाई समारोह हो गया है। सिस्टम के कुछ प्रमुख अधिकारी नहीं पहुंचे, तो कुछ की मौजूदगी देखने को मिली थी। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में एक एसीपी स्तर के अधिकारी को और विदाई दी जाएगी। उनका तबादला हो गया है फिर वो कब जाते हैं, यह देखा जाना अभी शेष है। बताया जा रहा है



कि उनके जाने की वजह से नदिया पार के समीकरण थोड़े प्रभावित होंगे। तो देहात और सिटी से भी छोटा बदलाव हो सकता है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के सबसे टेंशन वाले सीर्कल में बदलाव की संभावना बेहद कम है। हो सकता है देहात के लिए कोई आदेश आ जाए, तो वहीं तीन एसीपी स्तर के ऐसे अधिकारी हैं जिनके नाम की चर्चा हो रही है, देखना होगा उनमें से किसका भला होता है और कौन चार्ज लेता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि अब धीरे-धीरे एसीपी स्तर के अधिकारी लिमिटेड होते जा रहे हैं। एक के बाद एक कई एसीपी स्तर के पद खाली हुए हैं, तो कुछ चेहरे आए हैं। पर उनको अभी चुना नहीं जा रहा है। एक एसीपी स्तर के अधिकारी का पुराना फेस है लेकिन उन पर अधिकारी भरोसा नहीं जाता रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि जो यह सीन बन रहा है, उसके बाद कभी भी एसीपी स्तर के अधिकारियों की तबादला लिस्ट जारी की जा सकती है। इसमें तीन लोगों का बदलाव और तीन लोगों को हॉट सीट दी जा सकती है। देखना होगा किस महिला एसीपी को चार्ज मिलता है और कौन बदलाव वाली लिस्ट में शामिल होता है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट में चर्चा है कि सिटी जोन सबसे सेफ रहने वाला है।

## इंदिरापुरम व्यापार मंडल अध्यक्ष के कार्यालय पर लगा हाउस टैक्स कैंप



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** व्यापार मंडल की पहल पर नगर निगम ने रविवार को हाउस टैक्स कैंप लगा कर लाखों वसूले। इंदिरापुरम न्यायखंड 2 में इंदिरापुरम व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमबीर यादव के आहवान पर कैंप लगाया वे अधिक से अधिक लोगों व दुकानदारों इस का लाभ लिया। जिसमें सुनील कुमार राजस्व निरीक्षक, संजय कुमार कर निरीक्षक, सुनील राय वसुंधरा जोनल प्रभारी उपस्थित थे। कैंप में कुल 157000 हजार रुपए का टेक्स व्यापारियों द्वारा दिया गया।

# जेएमएसआईटी गाजियाबाद की दिल्ली ज्ञान यात्रा सम्पन्न





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जेएमएसआईटी गाजियाबाद ने अपने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक दिवसीय दिल्ली हेरिटेज वॉक का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम संस्थान के सचिव डॉ. हिमांशु सिंहल जी, निदेशक प्रॉफ. डॉ. अनिरुद्ध विश्वास एवं प्राचार्य प्रॉफ. डॉ. प्रवीण गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। आयोजन का समन्वय कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा द्वारा किया गया। इस शैक्षणिक यात्रा में संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों से चयनित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया में उपस्थिति, सेशनल परीक्षा के अंक, और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी को प्राथमिकता दी गई। छात्रों के साथ संस्थान के प्रोफेसर भी शामिल हुए और ऐतिहासिक स्थलों की गहन समझ विकसित करने हेतु कई गतिविधियाँ आयोजित कीं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने चर्चा, निरीक्षण, और प्रश्न पूछने में गहरी रुचि दिखाई। उनके विचारशील प्रश्नों ने न केवल उनके जिज्ञासु दृष्टिकोण को दशार्या बल्कि समूह में सार्थक संवाद को भी प्रोत्साहित किया।

## उत्थान फाउंडेशन ने किया बच्चों की प्रतिभा को पंख देने का प्रयास

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गैर सरकारी संस्था उत्थान फाउंडेशन ने विजय नगर में बच्चों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में छिपी हुई रचनात्मकता और कला के प्रति उनके जुनून को मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 30 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय था सेव अर्थ। बच्चों ने अपने रंगों और कल्पना के माध्यम से अपने सपनों को कागज पर जीवंत कर दिया। उनकी पेंटिंग्स में एक उज्ज्वल भविष्य और बेहतर जीवन की आशा स्पष्ट झलक रही थी। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से वे बच्चों को यह संदेश देना चाहते थे, कि उनकी प्रतिभा और सोच किसी भी परिस्थिति की मोहताज नहीं है। प्रतियोगिता के दौरान स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। निर्णायक मंडल से गजाला बारी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा, इन बच्चों के पास असीम संभावनाएं हैं। बस जरूरत है इन्हें सही दिशा और मंच देने की। निर्णायक मंडल की दूसरी सदस्या ध्वनि जैन रहीं।

## न्यूज डायरी

### गोल्डी जेएनवी चैम्पियन्स लीग-2024 का हुआ आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गोल्डी जेएनवी चैम्पियन्स लीग-2024 का फाइनल गोली वॉरियर्स व हरिकेन के बीच आरसीसी ग्राउंड मे खेला गया। टीम हरिकेन ने गोती वारियर्स को 39 रन से हराया। इस टूर्नामेंट में मैन आफ दा सीरीज शिवम, मैन ऑफ दा मैन शिवम, बेस्ट बालर शेखर मलिक, बेस्ट फील्डर आसिफ को दिया गया। मैच में विशिष्ट अतिथि पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली सहित पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदित राज नेहरा, पूर्व पालिका सभासद दीपक वत्स रहें। संचालक गोल्डी ने सभी को बधाई दी। टीम हरिकेन के कप्तान इक्षित चैधरी व गोल्डी वॉरियर्स के कप्तान गोल्डी रहे।

### वेटलिफ्ट प्रतियोगिता मे खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** वेटलिफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। तिबड़ा रोड स्तिथ हरि कुंज मे फिटनेस जिम में जिम संचालक रोहित जैन ने प्रतियोगिता में भाग लेने आए प्रतिभागियों का आभार व्यक्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा हमारे देश के युवा देश ही नहीं विदेशों में भी विभिन्न प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं, जो अपने देश-प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में 205 किलोग्राम वजन उठाकर बंटी ने प्रथम स्थान, 195 किलोग्राम में अमन ने द्वितीय स्थान और 190 किलोग्राम में विनीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों को नगद धनराशि और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पंकज कुमार, सन्नी जैन, विक्की, सचिन जैन, यश जैन, नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

### नशे में धुत ऑटो चालक ने 5 वाहनों को ठोका



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नशे में धुत ऑटो चालक ने 5 वाहनों में टक्कर मार दी। 500 मीटर तक आरोपी चालक हाई स्पीड में ऑटो को दौड़ता रहा। जिससे अफरा तफरी मच गई। जिसमें एक बाइक सवार युवक भी बाल-बाल बच गया। सड़क किनारे जा रही महिला भी चपेट में आने से बच गई। किसी कार में सामने से टक्कर मारी तो किसी को पीछे से ठोक दिया। यह घटना कविनगर थाना क्षेत्र की है। नशे में धुत, भीड़ ने पकड़कर धुना कवि नगर थाना क्षेत्र में हापुड़ रोड केंद्रीय विद्यालय स्कूल कमला नेहरू नगर कर एक ओवर स्पीड में आ रहे ऑटो ने पहले कार में टक्कर मार दी। जिसके बाद नशे में धुत ऑटो सवार की चपेट में एक बाइक सवार भी आ गया। लोगों ने ऑटो का पीछा किया तो देखा कि ऑटो में बैठी दो महिलाएं भी रोकने के लिए शोर मचा रही हैं। यह दोनों महिलाएं भी घायल हो गई। जिसके बाद आरोपी ऑटो चालक को लोगों ने पकड़ लिया। जमकर पिटाई की। हंगामे की सूचना पर कविनगर पुलिस भी पहुंच गई। नशे की हालत में युवक बार बार अपना नाम बदल रहा है।

### शिप्रा सनसिटी में मनाया गया उत्तरांचल स्थापना दिवस





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तरांचल देवभूमि संस्कृति समिति द्वारा इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी में उत्तरांचल स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें चंदन सिंह रावत, कमल नौटियाल, चंद्र मोहन चौहान, मन्नू रावत, राकेश सिंह रावत, कमल पांडे, स्वाति चौहान, निरुपा चमोला की टीम ने संगीतमय पाठ किया। इस मौके पर गढ़वाल क्षेत्र में निवास करने वाले समस्त लोगों को राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। इस दौरान उत्तरांचल देवभूमि संस्कृति समिति के समस्त कार्यकारिणी सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया गया। सुंदरकांड के समापन पर प्रसाद व भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### उद्घाटन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम के वार्ड 98 में रविवार को दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने क्रिकेट एकेडमी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में निगम पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर भी सम्मिलित हुए।**

## कार की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली सवार की मौत, साथी गंभीर रूप से घायल



**हापुड़।** हापुड़ के सिटी कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर बाईपास पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार और ट्रैक्टर ट्रॉली के बीच जोरदार टक्कर में ट्रैक्टर पर सवार दो लोग नीचे गिर गए। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, निजामपुर बाईपास पर एक कार का अचानक टायर फट गया। इससे कार अनियंत्रित होकर सामने जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली से जा टकराई। पिलखुवा के देहपा गांव निवासी मतलूब और रईस ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों व्यक्ति नीचे गिर गए। हादसे में 42 वर्षीय रईस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मतलूब गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और घायल मतलूब को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। सिटी कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल हादसे की वजह की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# पार्षद भूपेंद्र उपाधयाय के किया चिकित्सा शिविर का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को वार्ड 41 झंडापुर के अंबेडकर पार्क चिकित्सा शिविर का पार्षद भूपेंद्र उपाधयाय ने दीपप्रज्वलित कर शुभारंभ किया। पार्षद भूपेंद्र उपाधयाय ने बताया कि वसुंधरा अस्पताल के समस्त स्टाफ के सहयोग से कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में साथ में मुफ्त स्वास्थ्य जांच बीपी शुगर फेफड़ों की जांच नसों की बीएमडी हड्डियों की जांच बच्चेदानी के कैंसर की जांच की गई जिसमें लगभग 130 गांव वासियों ने इस शिविर का लाभ लिया। डॉ बृजेश रस्तोगी ने कैंसर के बारे में जानकारी दी ओर कैसे होता है। उसके बारे में जानकारी दी वह इसके बचाव के क्या उपाय हैं, इसके बारे में बताया डॉ प्रभा रस्तोगी ने बच्चेदानी के कैंसर के मुंह का कैंसर सर्वाइकल के कैंसर के बारे में जानकारी दी संजय रस्तोगी।

# बेखौफ शायर को मिला हिंदी भाषा भारती सम्मान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जापान टोक्यो की साहित्य संस्था 'हिंदी की गूंज' ने दिल्ली में गांधी प्रतिष्ठान में एक भव्य आयोजन किया जिसमें लगभग दस साहित्यकारों की पुस्तकों का विमोचन हुआ तो वहीं वर्ल्ड रिकॉर्ड में चयनित 'मां जैसा कोई नहीं' संकलन का विमोचन भी किया गया जिसमें देश-विदेश के लगभग पंद्रह देशों के साहित्यकार सम्मिलित हुए तो वहीं इस किताब में मुरादपुर की सागर कालोनी में रहने वाले जनकवि /बेखौफ शायर/लेखक डा.नरेश सागर की भी एक शानदार उपस्थिति दर्ज की गई। डा.नरेश सागर को हिंदी भाषा भारती सम्मान से सम्मानित किया जिसमें उनको साल ओढ़ाकर, माला पहनाकर, प्रमाण पत्र,मोमेंटो और मां जैसा कोई नही संस्मरण की एक पुस्तक भी भेंट की, इससे पहले भी डा.सागर को सात बार अंतरराष्ट्रीय मंचों से सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेश नीरव ने किया, आयोजक डा.रमा पूर्णिमा शर्मा रही संचालन कविता गुप्ता व विनोद पांडेय ने किया मुख्य उपस्थिति प्रकाश निमराजे, ओमप्रकाश प्रजापति, डा.अनिता गौड, मनीषा जोशी, अंकित इंकलाब आदि रहे कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए इन देशों के साहित्यकारों ने भी अपनी भूमिका निभाई। जापान, नीदरलैंड, इंगलैंड, रसिया, अमेरिका, नेपाल, वर्मा, अमेरिका, लंदन, मारिसस व इंडोनेशिया आदि के साहित्यकार सम्मिलित हुए।

## वार्ड के लोगों की समस्या निवारण के लिए पार्षद धीरज अग्रवाल ने खोला कार्यालय



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड नंबर 81 में हर्षा सिटी मॉल में रविवार को पार्षद धीरज अग्रवाल ने कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर पार्षद धीरज अग्रवाल वार्ड में कार्यालय खोला गया है। जिसमें आप अपनी वार्ड से संबंधित समस्याएं किसी भी समय उन्हे बता सकते हैं, जिसका शीघ्र निदान किया जाएगा। उन्होंने सभी को आश्वासन दिलाया कि कार्यालय में वार्ड के लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी। जिसके बाद संबंधित विभाग को सूचित कर उन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

इस अवसर पर पार्षद धीरज अग्रवाल, नूपुर अग्रवाल, इंदिरापुरम आईटी संयोजक प्रयाम सक्सेना, इंदिरापुरम मंडल सोशल मीडिया संयोजक धीरज शर्मा गायत्री पांडे, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजीव दीक्षित, अखिलेश चौरसिया, रवि बजाज, एनके मदन, आदित्य शर्मा, सुखविंदर सिंह, अंजू सिंह, आदित्य सुहेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## एसआरएम आईएसटीए में दो दिवसीय बूटकैंप का आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसआरएम आईएसटीए में दो दिवसीय इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता बूटकैंपप का आयोजन किया। इसका उद्देश्य माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के नवाचार, डिजाइन और उद्यमशीलता कौशल को विकसित करना था। पहले दिन मानव केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से नवाचार और समस्या समाधान पर चर्चा हुई, जबकि दूसरे दिन व्यावसायिक सफलता के लिए प्रभावी रणनीतियों पर काम किया गया। इसमें समूह गतिविधियों, गहन कार्य सत्रों और रोचक कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में रचनात्मकता, समस्या, समाधान कौशल और उद्यमशीलता की सोच को विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश विष्णु कांत पांडे सम्मानित अतिथि पीसीएस अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गाजियाबाद गंभीर सिंह व आईसीटीई से नोडल केंद्र प्रमुख मदन मोहन शर्मा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। एसआरएम आईएसटी के प्रतिनिधियों में निदेशक डॉ0 एस0 विश्वनाथन डॉ0 आरपी महापात्रा, डॉ0 नवीन अहलावत, डॉ0 एनएम मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर डीन साइंस एंड ह्यूमैनिटी डॉ0 नवीन अहलावत ने सभी प्रतिभागियों और आयोजन से जुड़े सहयोगियों का धन्यवाद किया। उन्होंने इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत और उत्साह को दिया।

## मां-बेटी से छेड़छाड़ मामले में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** 25 मार्च को होली के दिन मां बेटील के साथ छेड़छाड़ व विरोध करन पर मारपीट किये जाने के मामले में कोर्ट के आदेश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थानान्तर्गत एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति सेना से सेवानिवृत है। 25 मार्च को होली के दिन कुछ युवक होली खेलने के बहाने उनके घर पर आए और पत्नी व पुत्री के साथ रंग लगाने के बाद छेड़छाड़ करने लगे। शुरूआत में मां-बेटी ने नजरअंदाज कर दिया, लेकिन आरोपियों की बढ़ती हरकत को देख उन्होंने विरोध किया। शोर सुनकर सेवानिवृत फौजी मौके पर आ गए।

### बैठक



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नारी जागरण विकास संस्थान द्वारा लक्ष्मी विहार में एक बैठक आयोजित की गई। संस्था की अध्यक्ष लज्जा यादव ने नशे के अवैध धंधे को बंद कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि नशे के सौदागर पूरी युवा पीढ़ी का नाश करने पर आमादा हैं। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा जल्द ही आंदोलन चला कर ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस बैठक में लक्ष्मी गुप्ता, राजबाला, मंजू सिसोदिया, सीमा गुप्ता, मूर्ति देवी, अजय भाई, राकेश डोगरा, विनीता वर्मा, ऊषा बालियान आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

शोक संदेश



बड़े दुख के साथ सुचित किया जाता है कि मेरे छोटे भाई योगेन्द्र सिंह चौहान की पत्नी श्रीमती पूनम चौहान का स्वर्गवास दिनांक 25 नवम्बर 2024 को हो गया है प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी

॥ श्रद्धांजलि सभा ॥

दिनांक: 02, दिसम्बर 2024
समय : ............................दोपहर 12.00 बजे
स्थान : .................. 226, ग्राम करहैड़ा (निवास)

विजेन्द्र सिंह चौहान
पूर्व पार्षद वार्ड 45 करहेड़ा

:: शोकाकुल परिवार ::

डॉ सुनंदा सिंह पार्षद, वीरेंद्र सिंह चौहान, रमन चौहान, कुलदीप चौहान, जितेंद्र चौहान, डॉ स्पर्शी चौहान, राहुल प्रताप सिंह, गौरव प्रताप सिंह, लव प्रताप सिंह, मंथन सिंह, हर्ष प्रताप सिंह

# यूएस में पाकिस्तानी होटल पर विवाद

## भड़के रामास्वामी ने उठाए सवाल

**न्यूयॉर्क ।** रिपब्लिकन विवेक रामास्वामी ने पाकिस्तान सरकार के होटल और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को आड़े हाथों लिया है। दरअसल, एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि न्यूयॉर्क में स्थित फाइव स्टार रूजवेल्ट होटल में अवैध प्रवासियों को रखने के एवज में न्यूयॉर्क शहर ने उसे 220 मिलियन डॉलर का भुगतान किया है। इर होटल का स्वामित्व पाकिस्तान सरकार के पास है। विवेक रामास्वामी ने इस कदम की आलोचना की है। उन्होंने इसे पागलपन करार दिया है।

दरअसल, ट्रंप ने दिग्गज कारोबारी एलन मस्क के साथ ही विवेक रामास्वामी को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का संयुक्त कार्यभार सौंपा है। इस विभाग के तहत मस्क के साथ उन्हें सरकारी खर्च में फिजूलखर्ची को हटाने का काम सौंपा गया है।

**न्यूयार्क शहर ने शहबाज सरकार के होटल को किया बड़ा भुगतान** : अमेरिका में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से विदेशी प्रवासी पहुंचते हैं। पकड़े जाने पर उन्हें सरकारी खर्च पर रखा जाता है, जिन पर बाद में या तो अभियोग चलाया जाता है या वापस उनके देश भेज दिया जाता है। ऐसे ही अवैध प्रवासियों को रखने के लिए न्यूयार्क शहर ने लिए पाकिस्तान सरकार के स्वामित्व वाले एक होटल को 220 मिलियन डॉलर में किराये पर लिया। शनिवार को आई रिपोर्ट में इसका दावा किया गया था।



इस खुलासे पर विवेक रामास्वामी भड़क गए। उन्होंने इसे पागलपन बताया। रिपब्लिकन रामास्वामी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अवैध प्रवासियों के लिए करदाताओं द्वारा उस वित्तपोषित होटल को भुगतान किया गया, जिसका स्वामित्व पाकिस्तानी सरकार के पास है। इसका मतलब है कि न्यूयॉर्क के करदाता वास्तव में हमारे अपने देश में अवैध प्रवासियों को रखने के लिए एक विदेशी सरकार को भुगतान कर रहे हैं। यह पागलपन है।

उनका गुस्सा तब भड़का जब लेखक जॉन लेफेवर ने एक्स पर इसके बारे में रिपोर्ट की। उन्होंने कहा कि अवैध प्रवासियों को रखने के लिए न्यूयॉर्क शहर ने मैनहट्टन स्थित रूजवेल्ट होटल को 220 मिलियन डॉलर में किराए पर लिया है। रूजवेल्ट होटल का स्वामित्व पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस के पास है, जो एक शहबाज सरकार की एयरलाइन है। लेफेवरे ने कहा कि इस होटल का स्वामित्व पाकिस्तान सरकार के पास है। यह सौदा आईएमएफ के 1.1 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान को उसके अंतर्राष्ट्रीय ऋण की अदायगी में चूक से बचाना था।

**लेखक जॉन लेफेवर ने की रिपोर्ट**

उनका गुस्सा तब भड़का जब लेखक जॉन लेफेवर ने एक्स पर इसके बारे में रिपोर्ट की। उन्होंने कहा कि अवैध प्रवासियों को रखने के लिए न्यूयॉर्क शहर ने मैनहट्टन स्थित रूजवेल्ट होटल को 220 मिलियन डॉलर में किराए पर लिया है

# जंग के बीच हमास ने जारी किया इस्राइली-अमेरिकी बंधक का वीडियो, ट्रंप से की रिहाई की मांग

**यरूशलेम ।** 7 अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के साथ शुरू हआ युद्ध अभी तक खत्म नहीं हुआ है। इन ढेढ़ साल के समय में दुनिया ने दोनों देशों को बीच कई सारी चिजें देख ली। इसी सिलसिले में एक और बड़ी खबर सामने आ रही है जहां फलस्तीनी उग्रवादी समूह हमास ने शनिवार को एक इस्राइल-अमेरिकी बंधक का वीडियो जारी किया, जिसमें वह अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उसकी रिहाई की अपील कर रहा था। बता दें कि बंधक का वीडियो सामने आते ही उसके परिवारों के फोरम ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप से अपील की कि वे बंधकों की रिहाई के लिए अपने प्रयासों को बढ़ाएं, क्योंकि बंधकों की जान खतरे में है।



### वीडियो में बंधक की अपील

इस्राइली 20 साल के बंधक एडन अलेक्जेंडर की मां येल ने कहा कि उन्होंने वीडियो देखकर बहुत दुख महसूस किया, जिसमें उनका बेटा दीवार के सहारे एक अंधेरी जगह पर बैठा था और उसने अपना नाम, परिवार, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ट्रंप से अपील की थी।

बता दें कि उनकी मां ने तेल अवीव में एक रैली में कहा हमें उम्मीद है, लेकिन यह भी दिखाता है कि एडन और अन्य बंधकों के लिए यह कितना कठिन है, और वे हमें बचाने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। युद्ध खत्म करने की अपील इसके थ ही उन्होंने इजरायली नेताओं से गाजा में युद्ध खत्म करने और बंधकों को रिहा करने के लिए हमास से समझौता करने का आह्वान किया।

नेतन्याहू ने इस वीडियो को क्रूर मनोवैज्ञानिक युद्धङ्ग बताया और कहा कि इजरायल बंधकों को घर वापस लाने के लिए पूरी कोशिश कर रहा है। बता दें कि एडन अलेक्जेंडर को 7 अक्टूबर, 2023 को गाजा में हमास द्वारा किए गए हमले के दौरान अपहरण कर लिया गया था।

# मीडिया को मानते हैं यूएस का सबसे ताकतवर दुश्मन कश पटेल के राम मंदिर पोस्ट ने बटोरी थीं सुर्खियां

**वॉशिंगटन ।** डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल के कश पटेल को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए संघीय जांच एजेंसी एफबीआई का नया निदेशक नियुक्त किया है। कश पटेल की नियुक्ति अमेरिका में अच्छी खासी सुर्खियां बटोर रही है और इसकी वजह है कश पटेल का अमेरिकी मीडिया और न्याय विभाग को लेकर नजरिया। कश पटेल अमेरिकी मीडिया को देश का सबसे ताकतवर दुश्मन मानते हैं। एक बातचीत के दौरान कश पटेल ने अमेरिकी मीडिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के संकेत दिए थे। अब जब वह एफबीआई निदेशक बन गए हैं तो उनके फैसलों पर सभी की निगाहें होंगी।

साल 2023 में एक इंटरव्यू के दौरान कश पटेल ने कहा था कि सत्ता में आने पर वे कानूनों में ऐसा बदलाव करेंगे, जिसके बाद पत्रकारों के खिलाफ भी मुकदमा करना आसान हो जाएगा। कश पटेल ने कहा था कि वे न सिर्फ सरकार में बल्कि मीडिया में भी मौजूद साजिशकताओं को बेनकाब करेंगे और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।



सूचना लीक करने के मामलों में भी कश पटेल ने दोषी पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही थी। कश पटेल ने कहा था कि मीडिया मे मौजूद जिन लोगों ने अमेरिकी नागरिकों से जो बाइडन की राष्ट्रपति चुनाव में धोखाधड़ी के बारे में झूठ बोला था, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# अलेप्पो शहर में घुसे सीरियाई विद्रोही

## हवाईअड्डा-सड़कें बंद; करीब 100 लोगों के मारे जाने की आशंका

**बेरूत ।** सीरिया में कई वर्षों बाद विद्रोही गुटों ने एक बार फिर अलेप्पो पर बड़ा हमला किया है। इस हमले में करीब 100 लोगों के मारे जाने की सूचना है। मृतक संख्या की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन विद्रोहियों ने अलेप्पो शहर पर कब्जा कर लिया है और इसे विफल करने में मदद के लिए सीरिया को रूस ने अतिरिक्त मदद का वादा किया है। सीरियाई विद्रोहियों के अलेप्पो के मध्य तक पहुंचने के चलते सेना ने शहर का हवाईअड्डा और सभी सड़कें बंद कर दी हैं।

सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के विरोधी विद्रोहियों ने शनिवार को जब घोषणा की कि वे अलेप्पो के केंद्र तक पहुंच गए हैं, तब अलेप्पो हवाई अड्डे के साथ शहर की तरफ जाने वाली सभी सड़कों को रोक दिया गया। यहां इस्लामी आतंकवादी समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेतृत्व में विपक्षी लड़ाकों ने इस सप्ताह सरकार के कब्जे वाले कस्बों में अचानक हमला किया और असद व उनके सहयोगियों द्वारा उन्हें बाहर किए जाने के करीब एक दशक बाद अलेप्पो पहुंचे। इस बीच, असद के प्रमुख सहयोगियों में से एक रूस ने दमिश्क को विद्रोहियों को विफल करने के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता देने का वादा किया है, साथ ही कहा कि अगले 72 घंटों में नए हथियार उपकरणों का आना शुरू हो जाएगा।



### शिया लड़ाकों ने 2016 में विद्रोहियों से छीना था शहर

राष्ट्रपति बशर अल-असद के प्रशासन के विद्रोही 2016 के बाद पहली बार अलेप्पो शहर लौट रहे हैं। उस वक्त असद और उनके सहयोगियों रूस, ईरान व क्षेत्रीय शिया लड़ाकों ने विद्रोहियों से अलेप्पो शहर वापस लिया और महीनों की बमबारी व घेराबंदी के बाद विद्रोही पीछे हटने की मजबूर हुए।

जैश अल-इज्जा विद्रोही ब्रिगेड के कमांडर मुस्तफा अब्दुल जाबेर ने कहा, इस सप्ताह उनकी घुसपैठ में तेजी ईरान समर्थित जनशक्ति की कमी से हो पाई है। युद्धक विमानों से विद्रोहियों पर हमले, 20 लड़ाके मरे सरकारी मीडिया ने शनिवार को बतया कि सीरियाई सैनिकों ने करीब एक दशक बाद पहली बार देश के सबसे बड़े अलेप्पो शहर के अंदर विद्रोहियों से लड़ाई की है। उधर, युद्धक विमानों ने शहर के किनारे पर विद्रोही आपूर्ति लाइनों को निशाना बनाया।

# एआई तकनीक का कमाल, इंसान के मरने के दिन के बारे में सटीक भविष्यवाणी करती है ये मृत्यु घड़ी

**वॉशिंगटन ।** हमेशा से ही इंसान को इस बात में रुचि रही है कि वह कितने दिन जिएगा या उसकी जिंदगी कितनी लंबी है। अब दौर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अ१ञ्च्' क्ल्लइ'ी्ल्ली-अक) का है। ऐसे में एआई तकनीक की मदद से अब इसका भी अनुमान लगाया जा सकता है कि आपकी मृत्यु का दिन कौन सा हो सकता है। हाल ही में एआई की मदद से एक मृत्यु घड़ी बनाई गई है, जो कि एक एप है। इसकी मदद से इंसान की मृत्यु के दिन का करीब-करीब सटीक पता लगाया जा सकता है।

### लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही यह एप

एक मार्केट खुफिया फर्म के मुताबिक इस मृत्यु घड़ी एप के नतीजे इतने सटीक हैं कि जुलाई में इसके लॉन्च होने के बाद से ही अब तक इसे 1,25,000 लोगों द्वारा इसे डाउनलोड कर लिया गया है। इस एप को पांच करोड़ प्रतिभागियों और 1200 से ज्यादा जीवन प्रत्याशा अध्ययनों के आधार पर तैयार किया गया है। यह एप किसी व्यक्ति के आहार, व्यायाम, तनाव के स्तर, नींद के बारे में जानकारी का इस्तेमाल करके उस व्यक्ति की मौत के संभावित दिन की भविष्यवाणी करती है। इस एप के डेवलपर ब्रेंट फ्रैंसन कना कहना है कि इसके परिणाम बहुत मानक हैं।



यह डेथ क्लॉक (मृत्यु घड़ी) स्वस्थ जीवन शैली वाले लोगों के बीच खासी लोकप्रिय हो रही है और फिटनेस और स्वास्थ्य श्रेणी में यह एप शीर्ष पर है। उल्लेखनीय है कि लोगों की जीवन प्रत्याशा, सरकारों, बीमा कंपनियों के लिए आर्थिक और वित्तीय गणना के लिहाज से हमेशा से अहम रही है। इसी के आधार पर सरकारें और बीमा कंपनियां जीवन बीमा और पेंशन फंड में पॉलिसी कवरेज की गणना करती हैं।

### आर्थिक स्थिति और जीवन प्रत्याशा में है सीधा संबंध

यह डेथ क्लॉक एप यूजर्स को ऐसे सुझाव भी देती है, जिससे वह अपनी जीवन शैली में सुधार कर अपनी मृत्यु दर को कम कर सकते हैं।

# ईयू वार्ता रोकने पर प्रदर्शनकारियों की जॉर्जिया पुलिस से झड़प, 100 से ज्यादा को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली ।** जॉर्जिया को यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल करने के प्रयास के तहत शुरू हुई वार्ता को रोकने के सरकार के फैसले का विरोध कर रहे हजारों प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार की रात संसद की तरफ कूच किया और यहां पुलिस के साथ उनकी झड़प हुई। पुलिस ने इस संबंध में शनिवार शाम तक 100 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया।

प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को पानी की बौछारें छोड़नी पड़ीं, मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल करना पड़ा और आंसू गैस के गोले दागने पड़े। प्रधानमंत्री इराकली कोबाखिद्जे द्वारा वार्ता रोकने की घोषणा किए जाने के बाद जॉर्जिया की राजधानी त्बिलिसी में प्रदर्शनकारी इससे पिछली रात भी सड़कों पर उतर आए थे। प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार शाम फिर संसद की तरफ कूच किया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने संसद के द्वारों को तोड़ने का प्रयास भी किया।

**प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को पानी की बौछारें छोड़नी पड़ीं, मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल करना पड़ा और आंसू गैस के गोले दागने पड़े**



# 'दुनिया में बढ़ रही नफरत, आज श्री नारायण गुरु की शिक्षाओं की जरूरत', पोप ने भारतीय धर्मगुरु को किया याद

**वेटिकन ।** पोप फ्रांसिस ने कहा है कि आज जब हर जगह नफरत बढ़ रही है तो ऐसे समय में श्री नारायण गुरु का सार्वभौमिक मानव एकता का संदेश प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि समाज सुधारक का संदेश 'आज की हमारी दुनिया के लिए प्रासंगिक है, जहां हमें लोगों और देशों के बीच असहिष्णुता तथा नफरत बढ़ने के उदाहरण देखने को मिल रहे हैं।'

**श्री नारायण गुरु ने अपनी शिक्षाओं में सामाजिक और धार्मिक जागृति पर दिया जोर** : एनार्कुलम जिले के अलुवा में श्री नारायण गुरु के सर्व-धर्म सम्मेलन के शताब्दी समारोह के अवसर पर शनिवार को वेटिकन में धर्मगुरु जुटे। इन धर्मगुरुओं और प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पोप फ्रांसिस ने यह बात कही। पोप ने कहा कि 'आज दुनिया में जो अशांति का माहौल है और इसके लिए लोगों द्वारा अपने धर्मों की शिक्षाओं को न अपनाना एक बड़ी वजह है। उन्होंने कहा कि 'श्री नारायण गुरु ने अपने संदेश के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक जागृति को बढ़ावा देने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। गुरु ने अपने संदेश में कहा था कि सभी मनुष्य, चाहे उनकी जाति, धर्म और सांस्कृतिक परंपराएं कोई भी हों, एक ही मानव परिवार के सदस्य हैं।'



पोप ने कहा, 'श्री नारायण गुरु ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी स्तर पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। दुख की बात है कि कई समुदायों और लोगों को नस्ल, रंग, भाषा और धर्म के आधार पर रोजाना भेदभाव तथा तिरस्कार झेलना पड़ रहा है और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है।

खासकर ऐसा उन लोगों और समुदाय के साथ हो रहा है जो गरीब और कमजोर तबके के हैं।'पोप फ्रांसिस ने वैश्विक असहिष्णुता से निपटने के लिए श्री नारायण गुरु की शिक्षाओं को अपनाने की अपील की।

श्री नारायण गुरु (1856-1928), केरल के एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक नेता और समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपनी शिक्षाओं में सामाजिक समानता की बात की। उन्होंने जातिगत भेदभाव की निंदा की और एकता और आध्यात्मिक ज्ञान पाने पर जोर दिया।

# ताइवान को 385 मिलियन डॉलर के हथियार बेचेगा अमेरिका; ड्रैगन ने ताइपे और यूएस को दिखाई आंखें

**वॉशिंगटन ।** चीन और ताइवान के बीच जारी तनाव के बीच अमेरिका ने ताइपे के लिए बड़े सैन्य सौदे को मंजूरी दे दी है। इस सौदे के तहत अमेरिका ताइवान को एफ-16 जेट और रडार के लिए स्पेयर पार्ट्स की बिक्री करेगा। इस सैन्य सौदे की कीमत 385 मिलियन अमेरिकी डॉलर बताई जा रही है। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने बताया कि साल 2025 में इसके शुरू होने की उम्मीद है। इस सौदे के लिए अमेरिका की सहमति तब आई है जब ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते की प्रशांत क्षेत्र की यात्रा करने जा रहे हैं। अमेरिका के इस कदम से चीन की चिंताएं बढ़ गई हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डीएससीए ने इस सौदे की जानकारी देते हुए कहा कि अमेरिकी विदेश विभाग की मंजूरी का उद्देश्य ताइवान को अपने एफ-16 बेड़े की परिचालन तैयारी बनाए रखने में मदद करना है। जिससे द्वीप वर्तमान और भविष्य दोनों खतरों से निपटने में सक्षम हो सके।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह नया हथियार सौदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के दौरान किया गया 18वां सौदा है। दरअसल, चीन के बढ़ते दबाव के बीच ताइवान सक्रिय रूप से अमेरिका के साथ अपने सैन्य संबंधों का विस्तार करने में लगा हुआ है। इस कारण द्वीप के आसपास सैन्य गतिविधि बढ़ गई है। पिछले महीने, अमेरिका ने ताइवान के लिए 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के हथियार पैकेज को मंजूरी दी थी। इसमें उन्नत मिसाइल सिस्टम और रडार शामिल थे।

चीन की आलोचनाओं और धमकियों के बावजूद ताइवान के राष्ट्रपति विलियम लाई चिंग-ते प्रशांत क्षेत्र की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। इस दौरे के क्रम में वे अमेरिकी क्षेत्र हवाई और गुआम में भी रुकेंगे। पद संभालने के बाद यह उनका पहला विदेशी दौरा है।

यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने संबोधन में लाई ने यात्रा को सुचारू बनाने में मदद करने के लिए अमेरिका के प्रति आभार व्यक्त किया और यात्रा को मूल्य-आधारित लोकतंत्र के एक नए युग की शुरूआत बताया।

लाई के दौरे से चीन नाराज हो गया है। ताइवान ने अमेरिका के साथ सैन्य सौदे और लाई की यात्रा का भी विरोध किया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने लाई की अमेरिका यात्रा की निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि अमेरिका को ताइवान मुद्दे को अत्यधिक सावधानी से संभालना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूएस को ताइवान की स्वतंत्रता का स्पष्ट रूप से विरोध करना चाहिए और चीन के शांतिपूर्ण पुनर्मिलन का समर्थन करना चाहिए।

### ताइवान को अपना हिस्सा मानता है चीन

गौरतलब है चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि ताइवान खुद को संप्रभु राष्ट्र मानता है। अब तक चीन ने सीधे ताइवान पर आक्रमण नहीं किया है, लेकिन वो ये सब कुछ ग्रे जोन में करता है।

# पुलिसकर्मियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

## रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ एवं वरदान मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा लगाया हेल्थ चेकअप कैंप











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ एवं वरदान मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस भाइयों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य की जांच हेतु एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को पुलिस लाइन ग्राउंड, हरसांव, गाजियाबाद में किया गया।

इस शिविर में सभी पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों के लिए रक्त एवं शुगर जांच की सुविधा प्रदान की गई। साथ ही, परामर्श चिकित्सकों द्वारा शारीरिक जांच के बाद आवश्यक दवाइयों का निशुल्क वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उपायुक्त, आईपीएस सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी थे। उन्होंने अपनी उपस्थिति से सभी का उत्साहवर्धन किया और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ एवं वरदान मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की इस सराहनीय पहल के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ के अध्यक्ष रोटेरियन सचिन गुप्ता एवं परियोजना अध्यक्ष रोटेरियन ललित जौसवाल ने सभी उपस्थित अतिथियों और वरदान मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के स्टाफ का आभार व्यक्त किया। क्लब की ओर से सभी के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। शिविर में क्लब सचिव रो. प्रमोद गोयल, रो. मोती गुप्ता, रो. पियूष गुप्ता, रो. के. डी. एस. जग्गी, रो. रजत गुप्ता और अन्य सदस्यों ने अपनी उपस्थिति और सहयोग प्रदान किया।




क्यों कहा कहने वाले ने कि जब जारी होगी भगवा महानगर वाली लिस्ट? आप देखना स्टोरी में आने जा रहा है रोचक ट्विस्ट? जो खुद को मान कर चल रहा है अध्यक्ष वाला फेस? वो पहले ही राउंड में होने जा रहा है आउट ऑफ द रेस? अभी नहीं देंगे कोई भी हिंट? अभी रखना है थोड़ा परहेज ? इसलिए उन्होंने अपने श्रीमुख में रख ली है मिंट?

क्यों कहा कहने वाले ने कि चौहान वाले वार्ड में होना है भगवा घमासान? कहने वाले ने कहा कि आप यहां के सीन को न समझे इतना शीतल? यहां चले जायेंगे ऐसे ऐसे दांव? हो सकता है फूल वाले लड़ा दे यहां हाथ वालों को चुनाव? उस मोहल्ले के कमलिया महारथी आयेंगे इस मोहल्ले में लड़ाने के लिए चुनाव? देखते रहो बहुत ही रोचक होने जा रहा है ये मोहल्ले वाला चुनाव?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथी वालों के चुनावी महावत ने सम्भाल तो ली है सिटी वाली कमान? मगर साहब आप रखना मेरी इस बात को याद? वो करेंगे नए साल के पहले दिन से ही फरियाद? उन्हें अभी इस बात का अंदाजा नहीं है? जनवरी का महीना होता है नीले दल में कुछ खास? पहले तो मिलते थे इस महीने में टारगेट? दिसंबर में वो अपनी टीम बनाएंगे और जनवरी में थीम? सुना है बर्थडे के बाद ही सुनाई देगी टीम में वाइस ऑफ जय भीम?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथी वालों के किस महावत की जुबान पर था ये गीत? भला हुआ मेरी गगरी फूटी, मैं पनिया भरन से छूटी? वो कर चुके हैं अपने खास के आगे इस खुशी का इजहार? मंदी के सीजन में हम किस किस के आगे करते कलेक्शन के लिए गुहार? सुना है एक महावत ने तो बना लिया पहले ही बाहर जाने का प्रोग्राम? वो कह रहे हैं कि आउट करना हो तो कर दें? हमे और भी बहुत करने होते हैं घर के काम?

क्यों कहा कहने वाले ने कि जटवाड़े वाले चौधरी चाचा भतीजा ने नहीं ली बूथ की कोई जिम्मेदारी? इस बार तो उन्होंने अपने बूथ की मतदान प्रतिशत वाली रिपोर्ट भी सोशल मीडिया पर नहीं डाली? कहने वाले ने कहा कि हाथ वालों से लेकर साइकिल वालों ने इस बार बना ली दूरी? ये दोनों चौधरी तो अपने अपने बूथ पर रखते हैं अपना मजबूत सियासी वजूद?

क्यों कहा कहने वाले ने कि अब आ रही है मंडलों में भी कभी नहीं दिखने वाले चेहरों की बहार? जो हमेशा बताते थे खुद को मंडल बैठक के समय शहर से बाहर? अब वो मंडल चुनाव वाली हर बैठक में आ रहे हैं नजर? बृज वाले विहार में भी है ऐसी ही बहार? चौहान से लेकर शर्मा ओर चौधरी से लेकर भटनागर तक दिखे बैठक के अंदर?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा देवतुल्य के निर्माण में पहुंचा रहा था फूल वाला पार्षद ही बाधा? सुना है अवर अभियंता ने बता दी देवतुल्य को पूरी गाथा? उसने कहा अगर आप दे दोगे अपनी ही पार्टी के पार्षद को लाख रुपए का आधा? तो आप मान लें कि खत्म हो जाएगी ये बाधा? सुना है देवतुल्य ने कह दिया उस पार्षद से नहीं करूंगा मैं कोई बात वरना सटक जाएगा मेरा माथा? सुना है अवर अभियंता ने निभाया फूल वालों की स्टोरी में बड़ा रोल? पूरे पचास गए उनके जरिए ओर फूल वाले आपस में नहीं रहे हैं बोल?

क्यों कहा कहने वाले ने कि पूर्व मेयर आशु वर्मा का भी नहीं है कोई तोड़? वो किस्सों में देते सबूत के साथ कोई हिस्ट्री वाला मामला भी जोड़? मंडल वाली बैठक में उन्होंने कहा मौजूदा समय में हम 2 पुराने कार्यकर्ता हैं जो आज भी है उतने ही एक्टिव? बताया कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने संभाला है संगठन और मैने भी संभाली है युवा मोर्चा की कमान? सुना है फिर आया उनकी जुबान पर गुरु जी का भी नाम? लेकिन यहां पुरानी हिस्ट्री का भी कर दिया उन्होंने गुणगान? बता दिया कि ये एक बार पार्टी छोड़ कर चले गए थे? ये फूल वालों के यहां है रूल? जो पार्टी छोड़ कर चले जाते हैं उनकी पुरानी सब बातों को पार्टी जाती है भूल? नए सिरे से नई कहानी ये याद रखो कि रूल इज रूल?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के उस मंडल की बैठक में मच गया शोर? 2 बार का सक्रिय सदस्य ही बनेगा मंडल अध्यक्ष,क्यों दिया जा रहा है इस बात पर जोर? चलो हमने माना कि वो होना चाहिए 2 बार का सक्रिय भाजपाई? मगर तब क्या करोगे जब लिस्ट ही ऊपर से आई? पुराना कोई किस्सा बताया ओर ये बात सुनाई? यहां से नाम गए थे कोई और मगर वहां से बन कर आ गया मंडल अध्यक्ष कोई और?

क्यों कहा कहने वाले ने कि आप मान कर चलो कि नदिया पार वाली भगवा दी दीदी की हो गई है संगठन वाले फॉर्मेट से विदाई? ये बात लखनऊ वाले भाजपाई ने ऑफ द रिकॉर्ड की शर्त पर जनरली बताई? उन्होंने कहा कि ज्यादा समय नहीं है और आप भी यहीं हो ओर हम भी यहीं है मेरे भाई?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# 35वीं जनपदीय बाल क्रीडा, स्काउट गाइड एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन



## मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने ध्वजारोहण किया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 35वीं जनपदीय बाल क्रीडा /स्काउट गाइड एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा ध्वजारोहण के साथ महामाया स्टेडियम में किया गया। ध्वजारोहण के साथ ब्लॉक लोनी रजापुर मुरादनगर, भोजपुर तथा नगर क्षेत्र की टीमों द्वारा मार्च पास्ट करते हुए मंच को सलामी दी तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खेलों के शुभारंभ की घोषणा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा योग नृत्य फ्लावर ड्रिल गुजराती नृत्य तथा हम शिक्षा के दीप हैं आदि प्रस्तुतियों द्वारा सभी का मन मोह लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने आयोजकों तथा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इन बच्चों में अपार क्षमता है जिससे संवारना और निखारना हम सब की जिम्मेदारी है। बच्चों में मेहनत, तैयारी और विषम परिस्थितियों में भी जूझने की क्षमता का विकास करने की आवश्यकता है।ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता के प्रथम विजेताओं को जनपद स्तर पर बुलाया गया यहां के प्रथम विजेताओं को मंडल स्तरीय खेलों में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कविता चौहान, जमुना प्रसाद, इश्क लाल, जिला समन्वयक टिंकू कंसल, रुचि त्यागी, शिक्षक संघ से अनुज त्यागी एव रविंद्र राणा, सभी ब्लॉक के व्यायाम शिक्षक एवं प्रभारी खेल अनुदेशक मौजूद रहे। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में लवेश ब्लॉक रजापुर तथा बालिका वर्ग में नैना ब्लॉक भोजपुर चैंपियन रहे 50 मीटर में लवेश,नैना प्रथम ईरम,वंशिका द्वितीय 100 मीटर में नैना, आहित प्रथम केशव, ईरान द्वितीय 200 मीटर में हिमांशु,आरती प्रथम लविश, मोनिका द्वितीय 400 मीटर दौड़ में रोहित,फिजा प्रथम आजाद, चांदनी द्वितीय जूनियर स्तर बालक वर्ग में अरविंद कुमार ब्लॉक रजापुर बालिका वर्ग में कनिका ब्लॉक भोजपुर से चैंपियन रहे 100 मीटर में सूरज, इशिता प्रथम अरविंद, कीर्ति द्वितीय 200 मीटर में अरविंद,कनिका प्रथम अलकमा, रहमती द्वितीय 400 मीटर में वासु,कनिका प्रथम आबूबखर, खुशबू द्वितीय 600 मीटर में शहरिन,जितेंद्र प्रथम इरम,प्रिंस द्वितीय गोला बैंक में शीतल,रजा प्रथम इकरा,आस मोहम्मद द्वितीय डिस्कस थ्रो में शीतल,प्रिंस प्रथम वंश, कनिका, अभिमन्यु द्वितीय ऊंची कूद में सूरज,इकरा प्रथम क्रश, अलीना द्वितीय लंबी कूद में कनिका,सूरज प्रथम पायल अलकमा द्वितीय प्राथमिक स्तर बालक वर्ग खो-खो में नगर क्षेत्र प्रथम रजापुर द्वितीय बालिका वर्ग में खो-खो में नगर क्षेत्र प्रथम रजापुर द्वितीय बालक वर्ग कबड्डी में भोजपुर प्रथम मुरादनगर बालिका वर्ग में कबड्डी में मुरादनगर प्रथम रजापुर द्वितीय जूनियर स्तर खो-खो में नगर क्षेत्र प्रथम भोजपुर द्वितीय बालक वर्ग खो-खो में रजापुर प्रथम नगर क्षेत्र द्वितीय बालक वर्ग कबड्डी में भोजपुर प्रथम मुरादनगर द्वितीय बालिका वर्ग कबड्डी में भोजपुर प्रथम मुरादनगर द्वितीय योग प्रतियोगिता बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय करहेड़ा नगर क्षेत्र प्रथम रजापुर ब्लॉक द्वितीय योग प्रतियोगिता बालक वर्ग में रजापुर प्रथम भोजपुर द्वितीय4 ब्लॉक एवं नगर क्षेत्र की स्काउट टीम से ढाई सौ बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें कब बुलबुल स्काउट गाइड की प्रतियोगिता कराई गई सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्राथमिक विद्यालय कवि नगर से सरस्वती वंदना, कंपोजिट विद्यालय डासना, प्राथमिक विद्यालय खोडा, प्राथमिक विद्यालय राजपुर लोनी ने प्रस्तुति दी। रजापुर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय मोरटी और प्राथमिक विद्यालय भीखनपुर के बच्चों ने बैंड की धुन पर मुख्य अतिथि का स्वागत किया ।कार्यक्रम का सफल संचालन पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

### खेल-कूद प्रतियोगिता में अव्वल आए बच्चों को पुरस्कृत किया गया

**करंट क्राइम।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव के नेतृत्व में कबड्डी, खो खो,कुश्ती ,50, 100, 200 ,400 और 600 मी की दौड़, रिले रेस,लंबी कूद और ऊंची कूद,चक्का फेंक, योग, एकांकी ,सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता तथा स्काउट गाइड प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई ।जिला व्यायाम शिक्षक/शिक्षिका राजकुमार एवं प्रीति सिंह, जिला स्काउट मास्टर एवं कैप्टन रामफूल तथा सुधा का विशेष सहयोग रहा।

# अय्यप्पा स्वामी की पूजा में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** केरल समाज रविवार को शालीमार गार्डन के चंद्रशेखर पार्क में दिनभर मंडल पूजा उत्सव में रमा रहा। प्रभात फेरी से शुरू पूजा उत्सव देर शाम तक चला। भगवान अय्यप्पा स्वामी की विधि-विधान से पूजा-अभिषेकम् करके आरोहण किया तथा भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा कार्यक्रम में शामिल हुए और अय्यप्पा पूजा साउथ समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए। भगवान कार्तिक पूजा की और केले के पत्ते पर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अय्यप्पा सेवा समिति अध्यक्ष वेंकटेश्वरन पी राधाकृष्ण ने बताया कि साल में यह सबसे बड़ा पूजा उत्सव होता है। जो कि पारंपरिक और वैदिक विधान से संपन्न किया जाता है। इस अवसर पर रवीन्द्रनाथ बाबू, रेंजी कुमार, के मोहनदास, पी सुनील कुमार, पीबी राधाकृष्ण, रंजीत नैयर, के भास्करन सिवान कुट्टी, सुरेश कुमार, वीपी कुट्टी, विश्वनाथन पिल्लै, के वि नारायण कुट्टी अरविंदाक्षन, संजीव कुमार, पी के वेणुगोपाल, पवन रेड्डी आदि लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# आवासन, शहरी कार्य मंत्रालय सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने सौर ऊर्जा संयंत्र का किया उद्घाटन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने रविवार को दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ को जोड़ने वाले भारत के पहले रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर का दौरा किया। न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन से हुई, जहां एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने एनसीआरटीसी के निदेशकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान कटिकिथला ने आरआरटीएस कॉरिडोर के दिल्ली खंड के परिचालन की शुरूआत के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। फिलहाल यात्री परिचालन के लिए इस खंड पर नमो भारत ट्रेनों के ट्रायल रन किए जा रहे हैं। एनसीआरटीसी के एमडी ने बताया कि किस तरह से फुट-ओवर ब्रिज (एफओबी), लिफ्ट और एस्केलेटर के व्यापक प्रयोग से परिवहन के विभिन्न साधनों को सहजता से एकीकृत किया जा रहा है, जिससे यात्री सड़कों पर उतरे बिना ही उनके बीच आसानी से आवागमन कर सकते हैं। न्यू अशोक नगर और आनंद विहार आरआरटीएस स्टेशन दोनों ही इस मल्टीमॉडल एकीकरण का उदाहरण हैं, जो प्रभावी रूप से दिल्ली मेट्रो और उनके आसपास के अन्य परिवहन माध्यमों से निर्बाध रूप से ज्जोड़े जा रहे हैं। श्रीनिवास कटिकिथला ने गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन भी किया जो एनसीआरटीसी की सस्टेनबिलिटी हासिल करने की प्रतिबद्धता में एक प्रमुख मील का पत्थर है। आरआरटीएस कॉरिडोर में एनसीआरटीसी द्वारा स्थापित यह सौर ऊर्जा छत संयंत्र, अब तक का सबसे बड़ा संयंत्र है, जिसमें लगभग 1 मेगावाट (965 किलोवाट की सोलर ऊर्जा उत्पादन करने की क्षमता है।

एनसीआरटीसी के स्टेशनों, डिपो और सबस्टेशनों को सौर ऊर्जा उत्पादन के केंद्रों में बदलने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो इसके कार्बन फुटप्रिंट्स को काफी कम करता है। वर्तमान में एनसीआरटीसी 4 मेगावाट पीक की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता के साथ अनुमानित वार्षिक 4,100 टन उड2 उत्सर्जन में कमी ला रहा है।

### कटिकिथला ने नमो भारत ट्रेन की प्रशंसा की

इसके साथ ही कटिकिथला ने परिचालित खंड में नमो भारत ट्रेन में यात्रा की, जहाँ उन्होंने नमो भारत ट्रेनों की यात्री-केंद्रित विशेषताओं का अनुभव किया। इस बीच उन्हें ट्रेन संचालकों और स्टेशन नियंत्रकों से भी परिचित कराया गया, जो मुख्य रूप से महिलाएँ हैं। यह माननीय प्रधान मंत्री के महिला-नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने एनसीआरटीसी के यात्रियों की सुविधा और विविध आवश्यकताओं पर विस्तृत ध्यान देने में बहुत रुचि दिखाई। विशेष रूप से उन्होंने चिकित्सा पारगमन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्ट्रेचर ले जाने के लिए ट्रेन में समर्पित स्थान और उनकी यात्रा को आसान बनाने के लिए अन्य सुविधाओं की प्रशंसा की। वर्तमान में, दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर साहिबाबाद और मेरठ साउथ के बीच 42 किलोमीटर के खंड में नमो भारत ट्रेन सेवाएँ संचालित हैं जीएसएम 9 स्टेशन शामिल है। ये स्टेशन हैं साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुराद नगर, मोदी नगर साउथ, मोदी नगर नॉर्थ और मेरठ-साउथ।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मदन भईया विधायक हैं और उनकी सबसे बड़ी खूबी लोनी से लेकर खतौली तक ओर दिल्ली से लेकर लखनऊ तक ये है कि वो अपनो के हर सुख दुख में साथ खड़े होते है। ये उनकी आत्मीयता है जो उन्हें सबसे अलग नेतृत्व वाले चेहरे के रूप में स्थापित करती है। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।